संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, बुधवार, 12 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया


वर्षः 12 अंकः 100 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

# जनता के सहयोग के बिना नशे का खात्मा संभव नहीं

## नशा निवारण केंद्र मंडी का दौरा करने के उपरांत बोले राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने मंडी जिला के दो दिवसीय दौरे के दौरान दूसरे दिन जोनल अस्पताल मंडी व रघुनाथ का पधर में संचालित नशा निवारण केंद्र का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने जोनल अस्पताल मंडी व नशा निवारण केंद्र में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि जनता के सहयोग के नशे का खात्मा संभव नहीं है। जिला में नशा निवारण केंद्र का सही ढंग से संचालन हो रहा है। 20 बिस्तरों की क्षमता वाले इस केंद्र में आज सिर्फ 4 लोग उपचाराधीन हैं। लोगों को चाहिए कि यदि उनके



आसपास कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में जा चुका है तो उसे इन केंद्रों तक पहुंचाएं और उसका उपचार करवाकर उसे बेहतर जिंदगी जीने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशे के खात्मे के लिए शासन और प्रशासन अपनी तरफ से बेहरीन प्रयास कर रहे हैं लेकिन यह तब तक संभव नहीं जब तक जनसहयोग नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि आज टीबी जैसी बीमारी भी नशे के प्रचलन के कारण ही बढ़ रही है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि ऐसे बीमारियों के खात्मे के लिए भी मिलकर प्रयास करें ताकि शासन और प्रशासन की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं को बल मिल सके। उन्होंने कहा कि जोनल हास्पिटल मंडी में मरीजों को बेहतरीन सुविधाएं दी जा रही हैं। आने वाले समय में इनमें और ज्यादा ईजाफ ा करने की जरूरत है।इस मौके पर उनके साथ सदर के विधायक अनिल शर्मा और जिला के सभी उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

### विधानसभा अध्यक्ष हिमाचल दिवस समारोह की करेंगे अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 15 अप्रैल को जिला चंबा के ऐतिहासिक चौगान में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार वह 13 अप्रैल को खैरी के समलेऊ में जिला प्रशासन और एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ डूबने के मामलों को लेकर बैठक करने के अलावा जगह का निरीक्षण भी करेंगे।

# महिला की हत्या के मामले में एक को आजीवन दूसरे को 3 वर्ष का कारावास

**टीम एक्शन इंडिया/एसपी जैरथ**

सिरमौर के पांवटा साहिब में 14 मार्च, 2016 को हुई महिला की हत्या में मुख्य अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास जबकि मामले में लिप्त दूसरे आरोपी को 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है।यह सजा एडिशनल जिला सत्र न्यायाधीश पांवटा साहिब के द्वारा सुनाई गई है। न्यायाधीश के द्वारा सुनाई गई सजा में आजीवन कारावास के साथ रू 60000 का जुमार्ना भी लगाया गया है। जबकि 3 वर्ष के कारावास वाले आरोपी को रू 10000 का अर्थदंड लगाया गया है।इस बाबत जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला न्याय वादी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मामला वर्ष 2016 का है। 14 मार्च को



पांवटा साहिब थाना में एक महिला का शव यमुना अंचल गली के खेत में मिला था।इस ब्लाइंड मिस्त्री की तफ्तीश इंस्पेक्टर लाइक राम तथा सब इंस्पेक्टर दौलत राम की टीम ने संयुक्त रूप से की थी। महिला की हत्या को लेकर साक्ष्यों के आधार पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। 24 गवाहों के दर्ज हुए बयान और सबूतों के आधार पर हुई दोष सिद्धि में माननीय अदालत के द्वारा सजा सुना दी गई। हत्या के मुख्य आरोपी किशोर क्षेत्री पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र निवासी केंट नाहन तथा दूसरा आरोपी जावेद पुत्र खुर्शीद निवासी वार्ड नंबर 10 देवी नगर पांवटा साहिब के रहने वाले है। जिला न्याय वादी ने बताया कि जुमार्ना न अदा करने की सूरत में 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन सीईई परीक्षा 17 से 26 अप्रैल तक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

निदेशक भर्ती, सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल, एसनाथ ने कहा कि वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय सेना में भर्ती के लिए होने वाली ऑनलाइन सामान्य परीक्षा (सीईई2023)17 से 26 अप्रैल, 2023 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए जिन उम्मीदवारों ने ज्वाइन इंडियन आर्मी जेआईए की वेबसाइट पर सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया था उनके प्रवेश पत्र इसी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की अपने प्रवेश पत्र को वेबसाइट पर लॉग इन करके अपना जेआइ, रोल नंबर और जन्मतिथि भरकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें। उन्होंने कहा कि प्रवेश पत्र में ही परीक्षा केंद्र का पता और परीक्षा का समय अंकित किया गया है।

# पार्किंग की समस्या होगी दूर, नगर निगम कार्यालय के पास होगा पार्किंग का निर्माण

**8 नगर निगम सोलन पार्किंग बनाने को लेकर कार्य कर रहा है इसके लिए 1.82 करोड़ रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

सोलन शहर में बढ़ती पार्किंग की समस्या को लेकर अब नगर निगम सोलन पार्किंग बनाने को लेकर कार्य कर रहा है इसके लिए निगम द्वारा 1.82 करोड़ रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया था। जिसमे से सरकार की ओर से पहले चरण में 1.36 करोड़ रुपए मंजूर हो गए है। नगर निगम सोलन द्वारा अपने कार्यालय के पास रेस्ट हाउस के सामने खाली



पड़ी जगह पर पार्किंग का निर्माण किया जाना है। नगर निगम सोलन के डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने बताया कि शहर में लगातार पार्किंग की समस्या बढ़ती जा रही है इसको लेकर पार्किंग का निर्माण नगर निगम द्वारा किया जा रहा है, इसको लेकर निगम ने अपने कार्यालय के समीप रेस्ट हाउस के सामने खाली जगह पर पार्किंग बनाने की योजना बनाई है जिसमें सरकार की ओर से उन्हें 1.36 करोड़ रुपए मंजूर हो गए है। उन्होंने बताया कि इस जगह पर तीन मंजिला पार्किंग का निर्माण किया जाएगा और जल्द ही इसका काम शुरू हो जाएगा जिससे लोगों को काफ ी राहत मिलने वाली है।बता दें कि नगर परिषद से अब सोलन नगर निगम बन चुका है ऐसे में स्टाफ के लिए यहां पर ऑफि स की कमी भी देखने को मिल रही थी इसको लेकर योजना नगर निगम ने बनाई है और तीन मंजिला पार्किंग के साथ यहां पर तीसरी मंजिल पर ऑफि स का निर्माण भी निगम द्वारा किया जाना है।

बता दें कि सोलन शहर में लगातार पार्किंग की समस्या विकराल रूप लेती जा रहे हैं जगह-जगह सडक किनारे वाहन खड़े होने की वजह से जहां ट्रैफिक जाम की समस्या बन रही है वहीं दूसरी तरफ लोगों को भारी-भरकम चालान भी भुगतने पड़ते हैं। आज हालत यह हो चुके हैं कि शहर में करीब 25000 छोटे-बड़े वाहनों की रजिस्ट्रेशन है लेकिन शहर में 5000 वाहनों के लिए भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है जिसके चलत शहर में सडक किनारे वाहन पार्क किए जाते हैं।बता दें कि लंबे समय से शहर के पुराने बस स्टैंड के पास मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की योजना लटकी हुई है इसके लिए रूपरेखा भी तैयार किए गए हैं लेकिन अभी तक आर्मी से जमीन हस्तांतरण का मामला सिरे नहीं चढ़ पाया है। वहीं बाजार में पार्किंग ना होने की वजह से रोजाना दिनभर सडकों पर जाम देखने को मिलता है शहर के कई वार्डो में गाड़ियां खड़ी होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवहन निगम के कर्मचारियों को पगार का भुगतान करें सरकार: संजय बडवाल

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**



हिमाचल पथ परिवहन निगम के लगभग 12000 कर्मचारियों को मार्च माह का बेतन ना मिलने से कर्मचारियों को सरकार व विभाग से गहरा रोश पनपा है। हिमाचल ट्रांसपोर्ट वर्करज यूनियन एटक के प्रदेश महा सचिव संजय बडवाल ने जारी ब्यान में कहा है कि वेतन समय पर न मिलने से निगम के समस्त कर्मचारी कई प्रकार की वितीय समस्या से जूझ रहें हैं लेकिन चालक व परिचालक एक वर्ग ऐसा भी हैं जिसे रात्रि सेवा एवं लम्बे रूटों एवं दूरदराज क्षेत्रो में अपनी सेवा दिन रात देनी पड़ती हैं ओर समय पर बेतन मिलने की उम्मीद होती है।

बडवाल ने कहा है कि ओवर टाईम व रात्री भत्ता मिलना तो दूर कर बात पगार भी समय पर ना मिलने से निगम के कर्मचारी सरकार से खफा हैं। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू तथा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व निगम प्रवंधन से अनुरोध हैं कि निगम के कर्मचारियों को सही समय पर मासिक बेतन व नाईट ओवर टाइम व अन्य भत्ते समय पर देने की कृपा करें।

### सरदार पटेल विश्वविद्यालय को राजनितिक द्वेश के चलते खत्म करने पर कांग्रेस सरकार उतारू: प्रशान्त शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

आजादी के लगभग सात दशकों बाद मंडी को मिले विश्वविद्यालय को कमजोर करने की कांग्रेस सरकार की मंशा पर भारतीय जनता पार्टी मंडी ने कड़ा ऐतराज जताया है। मंडी कांग्रेस के नेताओं से स्पष्टीकरण मांगा है की वे सार्वजानिक रूप से बताए की वे इस विश्वविद्यालय के पक्ष में है या विरोध में। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रशान्त शर्मा ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा की सुनियोजित तरीके से प्रदेश की सुक्खू सरकार सरदार पटेल विश्वविद्यालय को बंद करने को उतारू है और दुर्भाग्य की बात है कि मंडी जिला के एकमात्र कांग्रेसी विधायक इसका समर्थन कर रहे हैं और अन्य कांग्रेसी नेता भी चुप चाप यह तमाशा देख रहे हैं। उन्होंने कहा की राजनितिक प्रतिशोध के चलते लगातार मंडी के कांग्रेसी लोग सरदार पटेल विश्वविद्यालय पर झूठा प्रचार कर रहे हैं जो यह साबित करता है की इन लोगों का मकसद केवल जूठे बयान और मिडिया में सुर्खी बनाने तक सीमित है ना कि मंडी को मिली सौगात को बचाने का। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेता बिना तथ्य के भ्रामक प्रचार कर रहे हैं और मिडिया के सवालों पर बगले झांकने पर विवश हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर जिला मंडी के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा की पूर्व भाजपा सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के अथक प्रयासों से जिला मंडी को शिवधाम, बंदोबस्त कार्यालय और पटेल विश्वविद्यालय के रूप में बड़े महत्वपूर्ण उपहार मिले थे परंतु शिवधाम और बंदोबस्त कार्यालय के बाद अब प्रदेश सरकार पटेल विश्वविद्यालय को भी ताला जड़ने पर आमादा है और मंडी के कांग्रेसी नेता मौन है। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को मंडी की जनता के बीच ले जा चुकी है और जनता के साथ इस लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार है और मंडी को मिली सौगात को किसी भी हालत में खोने नहीं देगी और अगर जरुरत पड़ी तो सडकों पर उतर कर आंदोलन का रास्ता भी अपनाने से पीछे नहीं हटेगी।

# पंचायत प्रधान देवराज नेगी ने बनाई विकास की मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर की विकास खण्ड पांवटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्लाथा-भड़ाणा में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे है।

विकास की दृष्टि से पंचायत मॉडल रूप में उभर रही है। यहां पंचायत प्रधान देवराज नेगी के दो वर्षो के कार्यकाल के अंदर सार्वजनिक रास्ते, स्कूल प्रांगण, खेल मैदान, सुरक्षा दीवारे, सिंचाई कुहल, नदी तटीयकर्ण सहित गांव की गलियां बनाकर विकासात्मक आयाम स्थापित किए है। पंचायत में हुए विकास कार्यों की सराहना पंचायत ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में हो रही है।

पंचायत वासियों की माने तो पंचायत प्रधान देवराज नेगी विकास पुरुष के रूप में पंचायत वासियों को एक मॉडल मिले है। जब से देवराज नेगी पंचायत प्रधान बने है। तब से पंचायत को विकास की नई दिशा मिली है। पंचायत के अंदर लोगों को रोजगार के अवसर मिल रहे है। विकासात्मक कार्यों से पंचायत के अंदर हर वर्ग के लोग संतुष्ट नजर आ रहे। राजकीय माध्यमिक विद्यालय किलोड़ में स्कूली बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए स्टेज बनाकर समर्पित किया है। स्कूल प्रांगण में लॉकिंग टायल्स लगाकर सुंदर बनाया गया है। स्कूल का खेल मैदान बनाकर उसमें सुरक्षा दीवारों से सुरक्षित किया गया है। पंचायत प्रधान पंचायत को पर्यटन स्थल के तर्ज



पर उभार रहे है। किसानों, बागवानों के लिए सिंचाई योजना का रोडमेप उनके पास तैयार है। जिसे जल्द ही पंचायत वासियों के लिए धरातल पर उतारा जाएगा। पंचायत के अंदर कई बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। मनरेगा, पंद्रवा वित्तयोग सहित दर्जन से अधिक निधियों से विकास्त्मक कार्य किए जा रहे है तथा पांच वर्षो के अंदर सम्पूर्ण पंचायत को विकास की दृष्टि से मॉडल पंचायत बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। उल्लेखनीय है कि देवराज नेगी गांव भड़ाणा के रहने वाले है और वर्तमान में क्लाथा-भड़ाणा पंचायत के प्रधान होने के साथ प्रधान परिषद पांवटा साहिब के अध्यक्ष पद को भी संभाल रहे है।

विकास खंड पांवटा साहिब के दुर्गम क्षेत्र आंजभोज की लगभग 14 गांव में विकास पुरुष के नाम से विख्यात है तथा जिला के अंदर इन्हे कर्मठ समाजसेवी के नाम से जाने जाते है। असहाय, गरीब तबके के लोगों की सहायता करने में अधिक रुचि रखते है। देवराज नेगी की माने तो बताते है कि पंचायत के लोगों द्वारा जब

### 18 को जिला रोजगार कार्यालय चंबा में आयोजित होगा कैंपस इंटरव्यू

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 अप्रैल को जिला रोजगार कार्यालय मॉडल करियर सेंटर चंबा में निजी कंपनी ऐलन ऑटो इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर सी 116 मोहाली पंजाब द्वारा टर्नर फिटर, मकैनिसट और सीएनसी ऑपरेटर मोहाली पंजाब में विभिन्न पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 10वीं/12वीं व आईटीआई योग्यता के साथ आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

# विकास थापटा ने थामा भाजपा का दामन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं नगर निगम शिमला के चुनाव प्रभारी सुखराम चौधरी ने भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर शिमला में समाजसेवी एवं मदद सेवा ट्रस्ट के प्रेस सचिव विकास थापटा को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। सुखराम चौधरी ने विकास थापटा का भाजपा परिवार में स्वागत किया। विकास थापटा ने कहा की यह मेरी जीवन की किसी राजनीतिक दल की प्रथम सदस्यता है। उन्होंने कहा की भाजपा सारे समाज को एक साथ लेकर आगे बढ़ने का कार्य करती है और जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे समाज के लिए एवं हर



वर्ग का ध्यान रखते हुए कार्य किया है इससे प्रभावित होकर मैंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि मैं एक मजबूत विचार वाली पार्टी के साथ जुड ?ा चाहता था और मुझे भाजपा में एक मजबूत संगठन दिखा जिस से प्रभावित होकर मैंने भाजपा में आने का निर्णय लिया। विकास थापटा मूलतः कोटखाई से है और उन्होंने शिमला मंडल के इंजन घर वार्ड से भाजपा की सदस्यता ग्रहण ही।

इस अवसर पर विधायक विनोद कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि मेहता, कार्यालय सचिव प्यार सिंह कंवर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, जिला अध्यक्ष विजय परमार, त्रिलोक कपूर और विजय शर्मा उपस्थित रहे।

# प्रोफेसर धूमल के जन्मदिवस के उपलक्ष पर खेल सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल का जन्म दिवस, सामाजिक संस्था हिमाचल की खेलकूद समिति ने अणु में खिलाडि ?ों में मिठाई मनाया। युवाओं व खिलाडि ?ों ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल को जन्मदिवस की बधाई दी व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस विशेष उपलक्ष्य पर खेल सप्ताह मनाने का निर्णय लिया। इसमें विभिन्न खेल केंद्रों पर आंतरिक खेल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। सामाजिक संस्था यस हिमाचल के अध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने




बताया प्रदेश में खेल व खिलाड़ी के विकास में पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इसमें चाहे प्रदेश से खिलाड़ियों के पलायन को रोकने के लिए प्रदेश में खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में 3 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या फिर प्रदेश में खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर का इन्फ्रास्ट्रक्कर डिवेलप करने की बात होए पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल जी ने बतौर मुख्यमंत्री रहते एक नहीं अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनका लाभ आज भी प्रदेश के खिलाड़ी व युवा उठा रहे हैं। नरेंद्र अत्री ने कहा प्रदेश में उनके कार्यकाल में सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल विद्युत उत्पादन, पर्यटन व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। जिसका स्मरण आज भी प्रदेश की जनता करती है। खेलकूद समिति के संयोजक नरेश राणा ने बताया कि

क्रिकेट में पहला मुकाबला सब सेंटर ब्लू वह सब सेंटर रेड के बीच में हुआ, जिसमें सब सेंटर ब्लू ने 95 रन की जीत दर्ज की। उदयवीर बनिहाल ने 72 रन, अरनब 42,सक्षम ने 29 रन बनाए।

# ओलावृष्टि को रोकने के लिए किया जाता है सरागड़ा उत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिला की निहरी तहसील के भडयोग गांव में सरागड़ा उत्सव का आयोजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस आयोजन के बाद क्षेत्र में ओलावृष्टि का कहर किसानों बागवानों को झेलना नहीं पड़ता है। प्राचीन सुकेत रियासत के झौरगढ़ के आंचल में लघु टेकड़ी पर बसा भडयोग रियासत का ऐतिहासिक गढ़ और धार्मिक स्थल रहा है। भडयोग गढ़ का नाम भी इसी गांव के नाम पर पड़ा है। भडयोग गांव सदियों से शिवशंकर की लीला स्थली है। भडयोग में तरखान और राजपूत जाति के लोग रहते हैं। सभी परिवार गौ पालन, गौ संवर्धन और



कृषि-बागवानी से जुड़े हैं। नागुराम, डमेश्वर, मानसिंह, दौलत राम, लक्की, ओम प्रकाश, देवेंद्र आदि सामुदायिक सहयोग से गांव व गढ़ के विकास कार्यों के साथ गांव की पहचान बनाने में कृतसंकल्प हैं। भडयोग के एक कोने पर स्थित शेगली में स्थित देवालय में विराजमान देव शिवशंकर भडयोग गढ, टिक्कर गढ़ और कुठेहड़ गढ़ के अधिष्ठाता देव हैं।

भडयोग गढ़ के दूसरे छोर की चोटी पर आधुनिक शैली में नैना माता का मंदिर बना है। भडयोग का धार्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत मंजर पहली नजर में ही दिल को सुकून दे देता है।भडयोग अनेक घटनाओं का भंडार है। मंदिर के ठीक सामने पेड़ों से आच्छादित परिसर के मध्य बने तालाब की मान्यता सरानाहुली की कमरूनाग झील के समान ही है। मान्यता है कि इस झील का पावन जल कमरुनाग झील से आता है। शिव शंकर के मंदिर का जीर्णोद्धार जहां मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमराज शर्मा, समस्त देव समिति व भडयोग वासियों ने जन सहयोग से किया है। वहीं नैनामाता के मंदिर का निर्माण ठाकुर नागुराम ने किया है। नागुराम के बुजुर्गों ने धरोट से आकर यहां जमीन खरीद ली। नागुराम ने नैना माता के मंदिर में मूर्ति स्थापित की। शिवशंकर के मंदिर में सैकड़ों वर्ष पुराना शिवलिंग कुम्हारों को स्वप्न देकर प्रकट हुआ था। इस शिवलिंग के बायीं ओर देव श्री कमरुदेव के गणदेव गरसाड़ी तोगड़ा विशेषकर ओलावृष्टि रोकने के लिए पूज्य हैं। गरसाड़ी तोगड़ा की साधारण सी दिखने वाली प्रतिमा अत्यंत अतिशयकारी होकर दर्शन मात्र से ही मनोकामना पूर्ण करती है। पूर्व पंचायत समिति सदस्या और वर्तमान में बाढु-रोहाड़ा पंचायत समिति सदस्या प्रोमिला देवी का कहना है कि सेब की गुलाबी कली की अवस्था के दौरान ओलावृष्टि रोकने के लिए सरागड़ा नामक वार्षिक आराधना उत्सव का भडयोग मंदिर में धूमधाम से आयोजन किया गया।

# मैदानी इलाकों में पकने से पहले काली पड़ी गेहूं की फसल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर जिला के मैदानी इलाकों में गेहूं की फ सल पर संकट छा गया है हाल में हुई बारिश के बाद पकने से पहले ही गेहूं की फ सल काली पड़ गई है जिससे किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिला के पावटा साहिब इलाके में सबसे ज्यादा गेहूं की फ सल प्रभावित हुई है सिरमौर जिला में गेहूं उत्पादकों को पहले बारिश का इंतजार था मगर समय पर बारिश नहीं हुई उसके बाद बेमोसमी बारिश ने गेहूं की फ सल को 50 फ ीसदी से भी अधिक तबाह कर



दिया। तूफ ान ने भी खेतों में खड़ी गेहूं की फ सल को बिछा दिया वहीं अब गेहूं की फ सल काली पड? लग गई है। मीडिया से बात करते हुए जिला उपनिदेशक कृषि विभाग राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि कई स्थानों से गेहूं की फ सल के खराब होने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि बेमौसमी में बारिश से गेहूं की फ सल प्रभावित हुई है और सरकार के निर्देश अनुसार समय-समय पर नुकसान की रिपोर्ट भी सरकार को भेजी जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 100 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

# चाहे जेल में डाल दें, सवाल पूछता रहूंगा: राहुल

### कोई ऐसे देश में नहीं रहना चाहता, जिसे सिर्फ कुछ गिने-चुने लोग चलाएं। वो लोग जितना दुष्ट बनना चाहें बनें, निर्दयी बनेंगे, मैं उतना ही सज्जन बनूंगा: राहुल गांधी

**बीजेपी से नहीं डरता**

**= मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सब से मुझे फर्क नहीं पड़ता है**



**टीम एक्शन इंडिया/वायनाड**

**सांसदी** छीने जाने के बाद पहली बार राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड पहुंचे। उन्होंने कहा- मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सब से मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वो मुझे जेल में भी डाल दें फिर भी मैं सवाल पूछता रहूंगा। 4 साल पहले मैं यहां आया था और यहां से सांसद बना। मेरे लिए यहां चुनाव प्रचार करना सबसे अलग था। मैं केरल का रहने वाला नहीं हूं, लेकिन आपके प्यार ने मुझे महसूस कराया कि मैं आपका भाई, आपका बेटा हूं। वायनाड के लोग, देश के लोग स्वतंत्र भारत में रहना चाहते हैं। जहां उनके बच्चों को कुछ भी सीखने, करने के लिए स्वतंत्र हो। कोई ऐसे देश में नहीं रहना चाहता, जिसे सिर्फ कुछ गिने-चुने लोग चलाएं। वो लोग जितना दुष्ट बनना चाहें बनें, निर्दयी बनेंगे, मैं उतना ही सज्जन बनूंगा। भाजपा देश के सिर्फ एक विजन को पेश कर रही है, लेकिन हम देश के असली विजन को लेकर चल रहे हैं। मैं संसद में गया और पीएम से पूछा अडाणी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताइए। 2014 के बाद अमीरों की लिस्ट में अडाणी 2 नंबर पर कैसे आ गए? मैंने बताया कि अडाणी की मदद के लिए भारत और इजराइल के रिश्ते बदल गए। वो मुझे जितना परेशान करेंगे, उससे पता चलेगा कि मैं सही राह पर हूं।

**पूरी सरकार एक शख्स को बचा रही: प्रियंका**

**प्रियंका** ने संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि देश के मंत्री, सांसद और मंत्री एक नागरिक को परेशान कर रहे हैं, जो सवाल पूछ रहा है क्योंकि उनके पास राहुल के सवालों के जवाब नहीं है। पूरी सरकार एक शख्स को बचाने में लगी है जिसका नाम है गौतम अडाणी।

## 'मैं भाई के परिवार से बात करने आई हूं'

**राहुल** से पहले, प्रियंका गांधी ने कहा- मैं यहां आकर खुश हूं। यह बहुत भावुक दौरा है जब मैं अपने भाई के साथ वायनाड आई हूं। कल मैं उनके घर से उसका फर्नीचर पैक कर रही थी। जब तक नई जगह नहीं मिल जाती वो मां के साथ रहेंगे। कुछ सालों पहले मैंने भी यही समय देखा, जब मुझे घर बदलना पड़ा था। मेरे बच्चों और पति ने मेरी मदद की, लेकिन मेरे भाई के न बच्चे हैं और न ही परिवार। मैं स्पीच देने में अच्छी नहीं हूं। इंग्लिश भी अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि वायनाड आपका परिवार है, उनसे अपने परिवार की तरह बात करना बस। तो आज मैं अपने भाई के परिवार से बात करने आई हूं। आपको पता है कि वो (राहुल) सच्चा आदमी है, जो बिना डर के सच बोलता है।



लोग उसे चुप कराना चाहते हैं वो फिर भी बोलता है। आप जानते हैं कि वो हमेशा आपकी बात सुनता है आपसे बात करता है आपकी मदद के लिए खड़ा रहता है।

## चीन ने भूटान के एमो चू में 1000 घर बनाए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चीन** ने भूटान के एमो चू में अपने सैनिकों के लिए 1000 घर बनाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये अब भारतीय सेना के लिए परेशानी की बात है। क्योंकि ये सभी इमारतें चीन और भारत के बीच वाले हिस्से डोकलाम से बेहद करीब हैं।

**ये वही जगह जहां 2017 में भारत-चीन के बीच सैन्य गतिरोध हुआ**: दरअसल अमो चू डोकलाम के पास है, जहां से भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर चीन की पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की सीधी रेखा में है। यह भारत-चीन-भूटान डोकलाम ट्राई-जंक्शन से कुछ दूरी पर है। इसी जगह बीजिंग के रोड कंस्ट्रक्शन को लेकर 2017 में भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध हुआ था।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन का अपनी सेना के लिए डोकलाम के करीब घर बनाने के पीछे एक बड़ा मकसद है। वह इसके जरिए उसी रिज तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## अमृतपाल का साथी पपलप्रीत सिंह को भेजा डिब्रूगढ़ जेल



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस** पंजाब दे के मुखी अमृतपाल सिंह के सबसे करीबी साथी पपलप्रीत सिंह को मंगलवार सुबह 5:45 पर असम भेज दिया गया। वहां उसे अमृतपाल सिंह के 8 अन्य साथियों के साथ डिब्रूगढ़ जेल में रखा जाएगा। पंजाब पुलिस ने पपलप्रीत पर नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। असम पहुंचे पपलप्रीत सिंह ने कहा कि वह अमृतपाल सिंह के बारे में नहीं जानता। वह कहां है, इसकी जानकारी भी उसके पास नहीं है। अमृतपाल सिंह और वह 28 मार्च को एक दूसरे से अलग हो गए थे। इसके बाद उसका अमृतपाल सिंह के साथ कोई कॉन्टेक्ट नहीं हुआ। वहीं दूसरी तरफ, खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के साथियों की हाईकोर्ट में दायर की गई याचिकाओं के बारे में पंजाब सरकार ने अपना जवाब दे दिया है।

## मनीष कश्यप मामले में बिहार-तमिलनाडु सरकार तलब



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**यूट्यूबर** मनीष कश्यप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया है। दोनों राज्यों में दर्ज केस क्लब करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार और तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा है। अब इस मामले में 21 अप्रैल को सुनवाई होगी। दायर अपील में बिहार और तमिलनाडु समेत दूसरे राज्यों में मनीष कश्यप के खिलाफ दर्ज सभी केस को क्लब किए जाने की मांग की गई है।

ऐसी स्थिति में वकील एपी सिंह की तरफ से एक याचिका मनीष कश्यप के लिए 5 अप्रैल को ही सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। इसी याचिका के जरिए जल्द सुनवाई करते हुए मनीष कश्यप के ऊपर दर्ज सारे केस को एक जगह पर किए जाने की मांग हुई है।

## कांग्रेस सुधरी नहीं तो साफ हो जाएगी: शाह



**टीम एक्शन इंडिया/डिब्रूगढ़**

**निशाने पर कांग्रेस**

**= राहुल बाबा अभी भी समझ जाओ अभी नार्थ ईस्ट में सूपड़ा साफ हुआ है: अमित शाह**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को असम में कहा कि मेरे जिगर के टुकड़ों युवा भाइयो-बहनों, मुझे आने में देर हुई इसके लिए मैं माफी मांगता हूं। पहले नॉर्थ ईस्ट कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। राहुल बाबा ने पूरे देश की यात्रा की, लेकिन त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। वे विदेश जाकर देश की बुराई करते हैं, राहुल बाबा अभी भी समझ जाओ अभी नार्थ ईस्ट में सूपड़ा साफ हुआ है। अगर वे इसी राह पर चले तो कांग्रेस का देश से सूपड़ा साफ हो जाएगा।

**डिब्रूगढ़ में बीजेपी कार्यालय का शिलान्यास किया**: अमित शाह ने असम के डिब्रूगढ़ में बीजेपी के कार्यालय का शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए आज असम आसपास के राज्यों के साथ अपने सीमा से जुड़े विवाद को खत्म कर रहा है। बीजेपी सरकार बनने के बाद यहां 41 हजार से ज्यादा लोगों को नौकरी दी गई। राज्य में 12 मेडिकल कॉलेज बन गए हैं और 12 मेडिल कॉलेज बनने वाले हैं। बिहू त्योहार के दिन मोदी जी असम को एम्स भी देने वाले हैं। गृह मंत्री ने कहा कि एक जमाने में असम आंदोलन और आतंकवाद से पीड़ित था। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज असम विकास की राह पर है।

## गहलोत सरकार के खिलाफ अनशन पर बैठे सचिन पायलट

### सालभर से सीएम से भ्रष्टाचार पर एक्शन की मांग कर रहा था, संघर्ष जारी रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**राजस्थान** के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का अपनी ही सरकार के खिलाफ एक दिन का अनशन 5 घंटे में ही खत्म हो गया। मंगलवार शाम करीब पौने 4 बजे समर्थकों ने मिठाई खिलाकर पायलट का अनशन तुड़वाया। अनशन खत्म होने के बाद पायलट ने कहा कि मैंने सिर्फ करप्शन पर कार्रवाई के मकसद से अनशन रखा था। यदि बात संगठन की होती तो मैं संगठन से बात करता। साल भर से मैं मुख्यमंत्री से मांग कर रहा था। पायलट ने कहा कि करप्शन के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है तो कार्रवाई भी होनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि कार्रवाई जरूर होगी। करप्शन के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा, हम चाहते हैं कि देश और प्रदेश में स्वच्छ राजनीति हो।



**अपनों को घेरा**

**= मैंने सिर्फ करप्शन पर कार्रवाई के मकसद से अनशन रखा था। यदि बात संगठन की होती तो मैं संगठन से बात करता**

**पायलट बोले- पुराने प्रभारी को लेटर मार्क किए थे**: सचिन पायलट ने बीजेपी राज के करप्शन पर प्रभारी रंधावा से बात नहीं करने के सवाल पर कहा कि रंधावा अभी नए प्रभारी बने हैं।

## किसान के बेटों से शादी पर महिलाओं को 2 लाख देंगे: जेडीएस


**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि किसानों के बेटों से शादी करने वाली महिलाओं को उनकी पार्टी दो लाख रुपए देगी। कुमारस्वामी ने यह बात कोलार में एक रैली में कही। कुमारस्वामी ने कहा कि मुझे एक याचिका मिली है कि लड़कियां किसानों के बेटों से शादी करने के लिए तैयार नहीं हैं।

## वायरल फीवर से भी कम बीमार कर रहा कोरोना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कोरोना** के बढ़ते मामलों के बीच देश के महामारी विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार संक्रमण काफी कमजोर दिख रहा है। यह मरीज को दो दिन से ज्यादा बीमार नहीं कर पा रहा। उस हिसाब से देखें तो यह नॉर्मल वायरल फीवर से भी कम घातक है। 95% मरीजों में तो इसके लक्षण भी नहीं दिख रहे। जो 5% मरीज बीमार पड़ रहे हैं उनमें बुखार कॉमन है, जो एक-दो दिन तक ही रहता है। लेकिन, जिन लोगों को पहले से कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें इन दिनो बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।




## सलमान को फिर जान से मारने की धमकी

**मुंबई**: मुंबई पुलिस को फोन कर एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले को हिरासत में ले लिया गया है। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को बताया कि धमकी देने वाला एक नाबालिक लड़का है, जिसकी उम्र 16 साल है। उसे ठाणे के पास शहापुर से हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच के लिए मुंबई लाया जा रहा है। मुंबई पुलिस के मुताबिक एक कॉल के जरिए सोमवार को यह धमकी दी गई थी। आरोपी ने अपना नाम रॉकी भाई बताया था।

## ग्रुप कैप्टन को बर्खास्त करें: जनरल कोर्ट मार्शल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इंडियन** एयरफोर्स के जनरल कोर्ट मार्शल ने इंडियन एयर फोर्स के ग्रुप कैप्टन सुमन रॉय चौधरी को बर्खास्त करने का आदेश दिया है। वे जम्मू-कश्मीर के बडगाम में अपने ही हेलिकॉप्टर को निशाना बनाकर मार गिराने के आरोप में दोषी पाए गए हैं। दौरान 27 फरवरी 2019 को सुबह 10 बजे के करीब हुए इस हमले में छह वायु सेना कर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई थी। उस समय ग्रुप कैप्टन चौधरी श्रीनगर एयरफोर्स स्टेशन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर थे। आईएएफ की अपनी ही सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने हेलिकॉप्टर को उस समय निशाना बनाया जब हेलिकॉप्टर वापस श्रीनगर आ रहा था।

**आदेश**

**= इस दिन भारतीय और पाकिस्तानी वायु सेना के बीच हवाई लड़ाई चल रही थी। इस मामले में पहले कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ने जांच की थी**

इस दिन भारतीय और पाकिस्तानी वायु सेना के बीच हवाई लड़ाई चल रही थी। इस मामले में पहले कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ने जांच की थी। इसके बाद ही एयरफोर्स जनरल कोर्ट मार्शल गठित किया था।

**हाईकोर्ट में भी चल रहा केस**: ये मामला पंजाब और हरियाणा कोर्ट में भी चल रहा है। कोर्ट के फैसले के बाद ही आईएएफ जनरल कोर्ट ऑफ मार्शल के आदेश को लागू कर सकती है।

एयरफोर्स चीफ के आदेश के बाद आईएएफ इस आदेश को लागू करेगी।

**साधा निशाना** धार्मिक त्योहार दूसरों को धमकाने का मौका बन गए, पीएम हिंसा को नजरअंदाज करते रहे

## जबरदस्ती चुप कराना मुश्किलों का हल नहीं: सोनिया गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** पार्लियामेंट्री कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश को चुप करा देने से देश की परेशानियां हल नहीं हो जाएंगीं। पीएम मोदी जरूरी मुद्दों पर चुप हैं। उनकी सरकार के कामकाज से करोड़ों लोगों की जिंदगी प्रभावित होती है। बड़े मुद्दों पर जो भी जायज सवाल पूछा जाता है, प्रधानमंत्री उस पर चुप्पी साध लेते हैं। सोनिया ने लिखे आर्टिकल में सरकार पर संसद में विपक्ष की आवाज दबाने, एजेंसियों के दुरुपयोग, मीडिया की आजादी खत्म करने, देश में नफरत और हिंसा का माहौल बनाने का आरोप लगाया है।



**प्रधानमंत्री की कथनी-करनी में फर्क**: सोनिया ने कहा कि भारत के लोग अब यह जान चुके हैं कि मौजूदा हालात में पीएम मोदी की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। जब वे विपक्ष के खिलाफ गुस्सा जाहिर नहीं कर रहे होते हैं या आज की परेशानियों के लिए बीते जमाने के नेताओं पर आरोप नहीं लगा रहे होते हैं, तो उनके सभी बयानों से जरूरी मुद्दे या तो गायब होते हैं, या वे बड़ी-बड़ी, लुभावनी बातें करके इन मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। हालांकि उनके एक्शन से साफ पता चलता है कि इस सरकार की असली मंशा क्या है। देश को चुप करा देने से देश की परेशानियां हल नहीं हो जाएंगी। पीएम मोदी जरूरी मुद्दों पर चुप हैं, उनकी सरकार के कामकाज से करोड़ों लोगों की जिंदगी प्रभावित होती है, इन्हें लेकर हमारे जो जायज सवाल हैं, उन पर वे चुप हैं। किसानों की आय को 2022 तक दोगुना करने के अपने वादे को पूरा करने में नाकाम होने के बाद पीएम बड़े आराम से चुप हो गए हैं।

# सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव ला रही है: सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
कार्य करने की अपनी विशिष्ट शैली से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सभी वर्गों को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से बच्चों के बीच वह 'सुक्खू सरइ के नाम से लोकप्रिय हो रहे हैं।
अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर नादौन पहुंचे मुख्यमंत्री से हर वर्ग के लोग मिलने आ रहे हैं और इनमें काफ ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं जो उन्हें 'सुक्खू सरइ के नाम से पुकारते हैं। सेरा विश्राम गृह में जनसमस्याएं सुनने के दौरान नादौन विधानसभा क्षेत्र के जंगली गांव की बच्चियां कृतिका, ईशू, आरुषि, रिया और रिद्धिमा मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची, फ ोटो खिंचवाई और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री के साथ भेंट कर सभी



बच्चियां उत्साहित नजर आई। उन्होंने बताया कि 'सुक्खू सर' ने सबसे पहले उनका परिचय प्राप्त किया और मिठाई खिलाई। उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विशेष तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर फैसले ले रहे हैं और इसी से प्रभावित होकर वे यहां उनसे मिलने पहुंची हैं।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार ने एक प्रतिशत ब्याज पर शैक्षणिक ऋ ण उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में उच्च व व्यवसायिक शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने उनसे यह भी कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव ला रही है।
और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है। जल्द ही शिक्षा में किए जा रहे सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।
इससे पूर्व भी कई बार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का बच्चों के साथ विशेष लगाव देखने को मिला है और बच्चे उनसे प्रभावित दिखे हैं।

# श्री रेणुकाजी बांध जन संघर्ष समिति की बैठक सियूं में संपन्न

**8 अभी तक प्रबंधन द्वारा यह निर्धारित नहीं किया गया कि कितने परिवारों को मकान एवं जमीन मिलनी है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर के रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र में गिरी नदी पर बनने जा वाले श्री रेणुका बांध परियोजना से विस्थापित होने वाले 1142 परिवारों में से अधिकांश परिवारों को गृह एवं जमीन संबंधित इच्छा विकल्प देने बारे प्रबंधन द्वारा पत्र भेजे जा रहे हैं। जिस पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कपिला तथा कानूनी सलाहकार वरुण शर्मा आदि ने बांध प्रबंधन पर विस्थापितों को गुमराह करने का



आरोप लगाते हुए कहा कि बांध प्रबंधन पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन हेतु इच्छा विकल्प पत्र मांग रहा है। उन्होंने कहा कि बांध प्रबंधन द्वारा विस्थापित होने वाले परिवारों की सूची जारी किए बगैर अंधेरे में तीर मार कर विस्थापितों को गुमराह करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। अभी तक प्रबंधन द्वारा यह निर्धारित नहीं किया गया कि कितने परिवारों को मकान एवं जमीन मिलनी है लेकिन बांध प्रबंधन इस प्रकार के पत्र तीसरी बार भेजा विस्थापितों के जले पर नमक छिडकने का कार्य कर रहा है।ग्राम सियूं में आयोजित बैठक में क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने भाग लिया जिसमें विस्थापितों ने बांध प्रबंधन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया के संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलेगा।

# देश की सीमाओं की सत्रद्धता से रक्षा कर रहे हैं भारत के वीर जवान :गजेंद्र सिंह

**8 राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर**
**केंद्रीय** जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किन्नौर जिला के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन अगिम चैकी शिपकिला-पास का दौरा किया तथा भारतीय सेना व भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों का कुक्षल-क्षेम जाना तथा उनका मनोबल बढ़ाया। राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।भारतीय सेना एवं



भारतीय तिब्बल सीमा पुलिस का मनोबल बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संसाधन अभाव के बावजूद हमारे जवान मुस्तैदी के साथ देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, जिस कारण भारत की जनता सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि आज भारत ट्रांसफॉर्मेशन के दौर में है जिसका लोहा भारत ने पूरी दुनिया में मनवाया है तथा भारत प्रगति की राह पर अग्रसर है।
उन्होंने कहा कि भारत प्रग्रति की राह पर अग्रसर रहे इसके लिए हमारा भी यह दायित्व बनता है कि हम अपनी जिम्मेदारियों का सही प्रकार से निर्वाह्न करें।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में देश के लिए बलिदान की परंपरा रही है तथा इस परंपरा को कायम रखते हैं भारत के ये वीर जवान। उन्होंने कहा कि देश की सीमाएं मां के कपड़ों के समान पवित्र होती हैं तथा सीमाओं की पवित्रता को हमारे जवान दिन-रात सत्रद्धता व तत्परता के साथ बनाए हुए हैं। इसके उपरांत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तथा जिला प्रशासन किन्नौर द्वारा जिला की ग्राम पंचायत पूह से भावपूर्ण विदाई दी गई।इससे पूर्व गत सांय केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गार्डन कॉलोनी लाबरंग एवं पूह गांव के लिए उठाऊ पेयजल सिंचाई योजना का निरीक्षण भी किया।
इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंचाई और पेयजल आपूर्ति को सतत बनाने के लिए प्रयास किए जायेंगे।इस अवसर पर उपायुक्त किन्नौर तोरूल एस रवीश, पुलीस अधीक्षक विवेक चाहल, स्थानीय जन-प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लमलैहड़ी में पिकअप व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना ऊना के तहत लमलैहड़ी में पिकअप व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। वहीं पुलिस ने घायल बाइक चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राकेश कुमार निवासी चंगर ने बताया कि सोमवार देर शाम बाइक पर अपनी भतीजी गुरूनूहर कौर व भाभी कुलविंद्र कौर के साथ ऊना जा रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जनता को गुमराह कर रहें है : गुलेरिया



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी को साजिश के तहत बंद करने वाला पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का बयान निंदनीय है। पूर्व मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। मंडी में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता संजीव गुलेरिया ने यह शब्द कहे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि जयराम ठाकुर बताऐं कि आज दिन तक कांग्रेस के किस नेता व पदाधिकारी ने यह बयान दिया है कि प्रदेश सरकार की मनसा सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को बंद करने की है। उन्होंने कहा कि वे अपनी पद की गरिमा को ध्यान में रखकर ही बयानबाजी करें। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मंडी की जनता को गुमराह कर रहें है। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी बंद होने वाली नहीं है लेकिन नियुक्तियों में हुई धांधलियां की जांच अवश्य होगी।
नियुक्तियों की धांधलियों का यह मामला सदन में उठा तो शिक्षा मंत्री ने भी जांच कमेटी का गठन करने की बात कही है। नियुक्तियों में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह बात भी शिक्षा मंत्री ने कही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास यूनिवर्सिटी की नियुक्तियों में हुई धांधलियों कई दस्तावेज भी पहुंचे हैं। कुछ एक दस्तावेज अभी पहुंचना बाकी है। कानूनी परामर्श लेने के बाद यदि कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता होगी तो दोषियों के खिलाफ एफ आईआर भी करवाई जाएगी।

### अग्निवीर ऑनलाइन लिखित परीक्षा कांगड़ा और चंबा जिला के उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र जारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनिष शर्मा सेना मेडल ने बताया कि अग्निवीर ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। आवेदक भारतीय सेना के अधिकारिक वेबसाइट पर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अग्निवीर ऑनलाइन लिखित परीक्षा 17 अप्रैल, 2023 से 26 अप्रैल, 2023 तक रोजाना तीन शिफ्टो मे आयोजित की जाएगी। परीक्षा से सम्बंधित निर्देश प्रवेश पत्र पर दिये गये हैं उन्हे ध्यान से समझें और उनका अनुपालन करें। सभी आवेदक ध्यान दें कि परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र मे निर्धारित स्थान, तिथि और समय पर पहुँचे।

# ग्रामीणों ने मंगरोट में शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उपजे जमीनी विवाद को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
बिलासपुर जिले के मंगरोट में शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजनकांत नाम के व्यक्ति दवारा खोखा खोले जाने का किस्सा काफी चर्चा में रहा था। व्यक्ति ने सडक पर रेडी लगाने सहि, चूल्हा जला कर चाय भी बनाना शुरू कर दिया था। यह विवाद अभी तक फ इलों में लटका है। इसी कड़ी को लेकर बिलासपुर में सोमवार को सदर उपमंडल के तहत मंगरोट गांव के ग्रामीणों ने जमीन की निशान देही के मुददे पर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंनें जिला प्रशासन से सही तरीके से लोगों की जमीन की निशान करवाने की मांग की है। ताकि उन्हें न्याय मिल सके। इस अवसर पर प्रभावित राजन कांत शर्मा कहा कि सीता देवी ने मंगरोट गांव में 15 बिस्वा जमीन खरीदी थी। उनकी मां सीता देवी ने जमीन की तकसीम के लिए तहसीलदार सदर के पास केस लगाया था। जिसका निर्णय 25 अक्टूबर, 2009 को आया गया था। उसके बाद सभी हिस्सेदारों ने तकसीम करवाने के सहमत हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग ने आज तक उन्हें दखल नहीं दिया गया। लेकिन जब गत वर्ष राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर आकर ए जिस हिस्सेदार का जहां कब्जा था। उस हिसाब से फर्द कब्जा और कूहरे इत्यादि बनाए थे। फि र फ र्द कब्जे के हिसाब से पैमाईश की थी । पटवारी ने उन्हें लिखकर दिया था कि उनकी जमीन सडक में है तथा सडक कहीं और हैं। उसके बाद वहां पर जमीन को लेकर विवाद बढ गया। उन्होंने कहा कि इस विवाद के बाद राजस्व अधिकारियों ने सही तरीके से रिपोर्ट तैयार नहीं की। ग्रामीणों ने बताया कि गत छह अप्रैल 2023 को पटवारी कानूगो व तहसीलदार मौके पर निरीक्षण के लिए आए। गलत तरीके से पैमाई की गई। जिसमें जो जमीन किसी की है, कब्जा किसी और का है।

## विधायक भुट्टो ने पनोह में सुनी जन समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुटटो ने मंगलवार को माता मंदिर पनोह एवं काली माता मंदिर बरेडा में माथा टेका। इसके बाद पनोह मंदिर में सभी विभागो के अधिकारियों को साथ लेकर जनता की जन समस्याओं को सुना।
विधायक ने जन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आदेश दिए।
भुटटो ने कहा कि जनता की हर जन समस्या का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है और अधिकारियो को आदेश दिए हैं कि कोई भी व्यक्ति अपनी जन समस्या को लेकर आए, तो उसका तुरंत समाधान होना चाहिए।

# पंचायत हरसर का कोरम पूरा, उपप्रधान सहित छह वार्ड सदस्य नदारद

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**
उपमंडल जवाली के अधीन ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें कोरम तो पूरा हो गया लेकिन पंचायत प्रधान सहित छह वार्ड सदस्य ग्राम सभा से अनुपस्थित रहे। उपप्रधान सहित वार्ड सदस्यों ने ग्राम सभा में आने की जहमत ही नहीं उठाई जिससे ग्राम सभा में भाग लेने आए पंचायतवासियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। ग्राम सभा में उपस्थित तीन सदस्यीय कमेटी के समक्ष ही लोगों ने अनुपस्थित रहने पर उपप्रधान सहित छह वार्ड सदस्यों को निष्कासित करने की लिखित शिकायत पंचायत प्रधान को सौंपी। लोगों ने कहा

**8 उपप्रधान सहित वार्ड सदस्यों ने ग्राम सभा में आने की जहमत ही नहीं उठाई**


कि उपप्रधान सहित छह वार्ड सदस्य जानबूझ कर पंचायत सभा में नहीं आते हैं तथा उनके अनुपस्थित रहने से विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। लोगों ने कहा कि उपप्रधान सहित वार्ड सदस्यों के हाजिर न होने व कार्रवाई रजिस्टर पर हस्ताक्षर न करने से पंचायत के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। विकासकार्य न होने के कारण मनरेगा कार्डधारकों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। करीबन 200 व्यक्तियों ने हस्ताक्षरित शिकायत पत्र पंचायत प्रधान के माध्यम से बीडीओ नगरोटा सूरियां को भेजकर मांग उठाई है कि उपप्रधान सहित वार्ड सदस्यों को ग्राम सभा में न आने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए तथा उनको निष्कासित किया जाए। उन्होंने कहा कि उनको मिलने वाले मानदेय की भी रिकवरी की जाए।

**यह रहे अनुपस्थित**
उपप्रधान रशपाल सिंह, वार्ड नंबर-एक की सदस्य नीलम कुमारी, वार्ड नंबर-दो की सदस्य उर्मिला देवी, वार्ड नंबर-चार का सदस्य रणजीत सिंह, वार्ड नं-पांच की सदस्य कुसुम लता, वार्ड नं-छह की सदस्य सीमा देवी, वार्ड नंबर-सात के सदस्य संजय कुमार।

# राजस्व मंत्री करेंगे रोगी वाहन व एक्स-रे मशीन का शुभारंभ

**8 यह रोगी वाहन एयर कंडीशनर सहित बेसिक लाइफ सेविंग सुविधा से लैस है**

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर**
राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 13 अप्रैल, 2023 को किन्नौर जिला के क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ से तीन रोगी वाहन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा वह हैंड-हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का भी शुभारंभ करेंगे।
, यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनम नेगी ने देते हुए बताया कि यह रोगी वाहन एयर कंडीशनर सहित बेसिक लाइफ सेविंग सुविधा से लैस है।




इसी प्रकार हैंड-हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के लग जाने से जिला में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिससे लोगों का मौके पर ही एक्स-रे कर बीमारी का पता लगया जाएगा।उन्होंने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक रिकांग पिओ के सीएसआर के तहत रोगी वाहन व एक्स-रे मशीन को डोनेट किया गया है।

# कुटलैहड़ विधायक के आरोपों की जांच करवाएं सीएम सुक्खू: वीरेंद्र कंवर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय ऊना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाने साधे। विधानसभा में अपने पहले ही भाषण में कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों की न केवल पूर्व मंत्री ने जांच की मांग उठाई, अपितु चुनौती दी कि यदि जांच में यह आरोप झूठ पाए जाते हैं, तो विधायक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि विधानसभा में किसी भी सदस्य का पहला भाषण अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर रहता है और वह अपने पहले भाषण में अपने क्षेत्र की




जरूरतों प्राथमिकताओं और अधूरे बचे विकास कार्यों को सिरे चढ़ाने की मांग उठाता है।
लेकिन कुटलैहड़ के वर्तमान विधायक देवेंद्र भुट्टो ने विधानसभा में व्यक्तिगत छींटाकशी अपने भाषण में पूरी तरह से अपनाई। जिसमें उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर उनका मकान गिराने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान विधायक के मकान के साथ लगती फॉरेस्ट लैंड उनके मकान में पैमाइश के दौरान पाई गई, जिसके चलते कार्रवाई हो सकती है। इसके साथ ही विधायक ने गोविंद सागर झील में मछली बीज डालने और किसानों को बकरियों के यूनिट आबंटित करने के मामले में घोटाले के आरोप लगाए हैं। पूर्व मंत्री ने चुनौती देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार इन सभी आरोपों की जांच करवाएं और यदि सही पाए जाते हैं तो मेरे खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। लेकिन यदि यह सभी आरोप झूठे पाए जाते हैं तो विधानसभा में विधानसभा के अध्यक्ष और सदन के नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू मिथ्या आरोपों को लेकर विधायक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाए।

**वन, खनन, भू, शराब व ठेकेदार माफिया पसार रहा पांव**
पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में वन, खनन, भू, शराब और ठेकेदार माफिया के पांव पसारने के आरोप लगाए है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में जो टेंडर 7 करोड़ 70 लाख में आबंटित हुआ था, वो ही टेंडर इस सरकार में 11 करोड़ 30 लाख तक जा पहुंचा है। पूर्व मंत्री ने सीएम सुखविंदर सुक्खू से इस मामले की जांच करवाने और स्थानीय विधायक से इस मामले पर अपना स्पष्टीकरण देने की मांग उठाई है। कंवर ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर सरकार इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं करती है तो वो इस मामले को लेकर माननीय न्यायलय का दरवाजा खटखटाएंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत धिश्ती विकास खंड गोहर तहसील चच्योट जिला मंडी ( हिप्र. )**

ग्राम पंचायत धिश्ती विकास खंड गोहर तहसील चच्योट जिला मंडी (हिप्र.) द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंचायत बैठक दिनांक 25/3/2023 प्रस्ताव संख्या 03 द्वारा विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 16/04/2023 को अपराह्न 4.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय धिश्ती में पहुंच जानी चाहिएं। निविदाएं दिनांक 17/4/2023 को ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सुबह 12.00 बजे खोली जाएंगी। निविदाएं निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रम संख्या | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (खड्ड/नदी की) | प्रति घन मीटर |
| 2 | रेत (क्रशर) की | प्रति घन मीटर |
| 3 | बजरी 20mm खड्ड नदी की | प्रति घन मीटर |
| 4 | बजरी 40mm खड्ड नदी की | प्रति घन मीटर |
| 5 | बजरी 20mm क्रशर की | प्रति घन मीटर |
| 6 | बजरी 40mm क्रशर की | प्रति घन मीटर |
| 7 | सोलिंग बोल्डर/चाखडा पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 8 | कट स्टोन | प्रति घन मीटर |
| 9 | ईंट (मिट्टी के भट्ठे की A-B-C ग्रेड), फाइबर ब्लॉक | प्रति हजार नं. |
| 10 | जेसीबी मशीन (Cutting and Dresing) | प्रति घंटा |
| 11 | शटरिंग | प्रति स्कैयर फुट, प्रति रनिंग मीटर |
| 12 | Inter Lock Paver Tiles (40mm, 50mm, 60mm, 80mm ISI Mark ) Double Layer | प्रति टाइल |
| 13 | बिल्डिंग टाइल्स | प्रति स्कैयर फुट |
| 14 | सीमेंट ढुलान चैल चौक से धिश्ती तक | प्रति बैग |
| 15 | नागरिक सूचना बोर्ड (2X3, 3X5 ft.) विद पेंटिंग | प्रति बोर्ड |
| 16 | लोहे के एंगल, एल्युमीनियम एंगल फीटिंग, क्रेट | प्रति किलो, प्रति फुट, प्रति एक |
| 17 | GI Sheet | प्रति शीट |
| 18 | मिक्सर | प्रति दिन/प्रति घंटा |
| 19 | कंप्रेशर | प्रति दिन/प्रति घंटा |
| 20 | रोलर | प्रति दिन/प्रति घंटा |
| 21 | लकड़ी/टिंबर (सभी प्रकार की) | प्रति घन मीटर |
| 22 | पंचायत फर्नीचर स्टील बैंच लाइट वेट, कुर्सी, मेज, तिपाई इत्यादि | प्रति Item |
| 23 | सभा कक्ष दरी/दलिचा | प्रति Sq फीट |
| 24 | PVC पाइलिंग/फीटिंग इत्यादि | प्रति Sq फीट |
| 25 | फ्लोर टाइल, वाल टाइल Etc. | प्रति Sq फीट/प्रति पेटी |
| 26 | ब्रेकर मशीन | प्रति घंटा |
| 27 | PVC/GI पाइप व शौचालय संबंधी समस्त सामग्री | प्रति एक |
| 28 | डिजिटल बोर्ड लाइट वाले अक्षरों वाला | प्रति अक्षर |
| 29 | लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर | प्रति आइटम |
| 30 | बिजली वाइरिंग से संबंधी सभी सामग्री | आइटम वाइस |
| 31 | सोलर लाइट | प्रति एक |

नियम व शर्तें:
1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण PAN NO., GST NO होना आवश्यक है।
2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म जमा न करवाने पर सामग्री संबंधी रॉयल्टी वर्तमान में 60/-रुपए मीट्रिक टन के हिसाब से काटी जाएगी।
3. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी।
5. निविदा दाता को 30000/-रुपए की धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी, धरोहर सुरक्षित राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
6. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयनुसार नहीं कर पाता है, तो उसकी अग्रिम धरोहर/सुरक्षित राशि वापस नहीं होगी।
7. पंचायत बिना बताए निविदा रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है।
8. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप सप्लाई स्वीकार की जाएगी।
9. दरों का उल्लेख करते समय Included Tex/ Excluded Tex का उल्लेख करना आवश्यक है।
10. ग्राम पंचायत के समक्ष क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृति सामग्री की अदायगी नहीं होगी।
11. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टिफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ Negotaition अनुसार/उपरांत किया जाएगा।
12. 10. Inter Lock Paver Tiles के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग लैब से प्रमाणिकर्ता साथ लानी होगी।
13. Inter Lock Paver Tiles ISI Mark Double Layer की प्रमाणिकता भी साथ में संलग्न होनी अनिवार्य होगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत धिश्ती

# 15 अप्रैल को ऊना में लगेगा विशाल नेत्र जांच शिविर

## राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर करेंगे शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना सदर के भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने मंगलवार जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आगामी दिनों में जिला मुख्यालय पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा आयोजित किए जा रहे मेगा आई चेकअप कैंप की रूपरेखा साझा की। इस मौके पर भाजपा के नेताओं ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने भारतीय राजनीति में व्यस्ततम शैड्यूल होने के बावजूद संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ आम जनमानस की सेवा के लिए अनेकों प्रकल्पों का संचालन सफलतापूर्वक किया है। सत्ती ने बताया कि यह निशुल्क कैंप ऊना जिला मुख्यालय के डीएवी पब्लिक स्कूल में 15 अप्रैल हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस




के दिन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर करेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे से कैंप स्वास्थ्य का लाभ लेने वाले लोगों का पंजीकरण होगा और इस पंजीकरण के पश्चात दिन भर उनकी निशुल्क आंखों की जांच होगी। सत्ती ने बताया कि यह अपने आप में पहला ऐसा निशुल्क आई कैंप है, जिसमें आंखों की जांच के पश्चात निशुल्क चश्मे भी लोगों के नंबर के अनुसार मौके पर ही मुहैया करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गत 5 वर्षों से सांसद अनुराग ठाकुर ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को इस मुहिम की शुरूआत हमीरपुर जिला से गरीब, वंचित व पिछड़े समाज को घरद्वार पर स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से शुरू की थी।

सत्ती ने बताया कि आज अनुराग ठाकुर के प्रयासों से न सिर्फ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र बल्कि प्रदेश के 8 जिलों में 32 सांसद मोबाइल यूनिट चल रही है। जिनके माध्यम से इन 8 जिलों के प्रत्येक पंचायत के ग्रामीण आंचल तक लोगों को 40 प्रकार के टेस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा उनके घरद्वार तक दी जा रही है। इस मौके पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुमीत शर्मा, जिला अध्यक्ष मनोहर लाल एवं जिला महामंत्री राज कुमार पठानिया उपस्थित रहे।

## जनकौर में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना ऊना के तहत जनकौर में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई है। मारपीट एक व्यक्ति जख्मी हुआ है, जिसका क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मेडिकल व उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर दो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में नरेन्द्र सिंह निवासी तनोह ने बताया कि हम अपनी पुश्तैनी जमीन की फसल काटने जनकौर हाल गए हुए थे। जहां पर गांव के ही रवि कुमार व सुशील कुमार ट्रैक्टर से लोहे का रोड निकालकर मुझ पर हमला कर दिया। रोड के हमले में नरेंद्र सिंह चोटिल हुआ है। सूचना मिलने के बाद ऊना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नरेंद्र सिंह के ब्यान दर्ज किए और क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मेडिकल व उपचार करवाया गया।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मातृत्व दिवस का हुआ आगाज



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में एक दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार ने शिरकत किया। इस आयोजन के दौरान चामुंडा नर्सिंग इंस्टीट्यूट मोहल की छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया, जिस दौरान पोस्टर व मातृत्व दिवस पर स्पीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने संबोधन में सभागार में उपस्थित सभी को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान के बाद माँ ही है जो सबका ख्याल रखती हैं और घर परिवार के भरण पोषण में अहम भूमिका निभाती है इसलिए माँ का स्थान सर्वोच्च माना जाता है। इस साल मातृत्व दिवस का थीम कोरोना वायरस के बीच घर पर रुकें, माँ और शिशु को कोरोना से सुरक्षित रखें। इस उपलक्ष्य पर विजेता छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया जिस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दोरजे अंगरूप, स्वास्थ्य शिक्षिका निर्मला महंत, एचआईवी काउंसलर नीना पंडित व चामुंडा नर्सिंग इंस्टीट्यूट मोहाल के छात्र-शिक्षक मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत बाशिंग में जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

महिला एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा ग्राम पंचायत बाशिंग में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि नशा एक बहुत ही भयंकर बुराई है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिला व पुरुषों को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। परियोजना समन्वयक अनिता ठाकुर ने कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है।

वाहय रोगीयों को निःशुल्क दवाईयां दी जाती है तथा मनोविज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गम्भीर लक्षणों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केन्द्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केन्द्र में ईलाज किया जाता है तथा उपचाराधिन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सों की निगरानी में उनके बीपीए तापमान तथा अन्य लैब टैस्ट करवाए जाते है। किसी भी आपात स्थिति में उचित अस्पताल में रैफर करने की व्यवस्था की गइ है। ईलाज के दौरान मनोचिकित्सक काउंसलर द्वारा व्यक्तिगत परामर्श तथा पारिवार के सदस्यों की परामर्श सुविधाएं दी जा रही हैं। उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाएं जाते है। दिन के समय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में उन्हे व्यस्त रखा जाता है। रोगियों को केन्द्र में ईलाज के दौरान साफ बिस्तर, नाश्ता, चाय, दोपहर का भोजन, रात का खाना मुफ्त दिया जाता है। कार्यक्रम में प्रधान डौली ने सभी का धन्यवाद किया, कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के प्रधान व सदस्य उपस्थित रहे।

## अप्पर बसाल की विवाहिता ने निगला जहरीला पदार्थ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना ऊना के तहत अप्पर बसाल की एक विवाहिता ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। गंभीर हालात में महिला को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस में भी मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक नेहा देवी पत्नी राज कुमार निवासी अप्पर बसाल ने मंगलवार दोपहर जहरीला प्रदार्थ निगल लिया। बिगड़ती तबियत के चलते महिला को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लाया गया।

## नगर परिषद् में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित



**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

जोगिंद्रनगर परिषद् अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आज पारित हो गया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ कुल 5-5 निर्वाचित पार्षदों ने अपने मत का प्रयोग किया। इस बात की पुष्टि करते हुए एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर नगर परिषद की आज बैठक निर्धारित की गई थी। बैठक में निर्वाचित कुल सात पार्षदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इसके बाद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव को लेकर गुप्त मतदान करवाया। जिसमें पांच निर्वाचित पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। जबकि दो पार्षदों ने इसके विरोध में अपने मत का प्रयोग किया, ऐसे में नगर परिषद जोगिंद्रनगर में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है।उन्होंने बताया कि इस बारे हुई तमाम प्रक्रिया की जानकारी उपायुक्त मंडी को प्रेषित की जा रही है। इसके बाद उपायुक्त से मिलने वाले निदेशों के तहत आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर परिषद की आज की बैठक में वार्ड नम्बर एक से पार्षद ममता कपूर,दो से पार्षद राजीव कुमार, तीन से प्रेरणा ज्योति, चार से शिखा, पांच से प्यार सिंह, छः से अजय धरवाल और सात से शीला देवी ने भाग लिया।

## पीएनबी पेंशनर्स रिटायर्ड एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

पीएनबी पेंशनर्स रिटायर्ड एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक संगठन के प्रधान एलके सूद की अध्यक्षता में बाशिंग में हुई। तिमाही इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और वर्ष 2022-23 का आर्थिक बजट भी पेश व अनुमोदित किया गया। संगठन के मंडी सर्कल के अध्यक्ष एसएस शाशनी ने विचार रखे। कुल्लू जिला के सचिव इंद्र मोहन ने संगठन द्वारा चलाए सामाजिक सेवा के बारे जानकारी दी और भविष्य में इसके लिए सदस्यों से सुझाव मांगे। उन्होंने पेंशन के बारे



राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के बारे भी जानकारी दी। अंत में सदस्यों ने इंद्र मोहन व आयोजक सचिव बलवीर सिंह को आर्थिक बजट बनाने के लिए धन्यवाद किया और अध्यक्ष एलके सूद के उद्बोधन के बाद बैठक संपन्न हुई।

## बीआईएस देश का गुणवत्तापूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र: रामचरन दास

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मंगलवार को मंडी जिला के स्वर्णकारो के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मानक ब्यूरो परवाणू के संयुक्त निदेशक राम चरण दास ने की। उन्होंने कहा कि बीआईएस देश का गुणवत्तापूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र है और भारतीय मानकों में निर्धारित गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों पर आधारित अनुरूपता आंकलन योजनाओं के माध्यम से अंतिम उपयोगकताओं की जरूरतों को पूरा करता है।

उन्होंने कहा कि आईएसआई मार्क ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता की थर्ड पार्टी गारंटी प्रदान करने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो की मानकीकरण एवं प्रमाण योजना उपभोक्ताओं और उद्योगों को लाभ पहुंचाने के साथ-साथ विशेष रूप से उत्पाद सुरक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण की दिशा में कार्य करती है। इसके द्वारा खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, भवन और निर्माण इत्यादि जैसे क्षेत्रों में गुणवत्ता का अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया जाता है।उन्होंने जिलावासियों से अपने घरों में पुराने पड़े गहनों की हाल मार्किंग नजदीकी हाल मार्किंग केंद्र पर अवश्य करवाने की अपील की है ताकि उन्हें उन गहनों की गुणवत्ता का पता चल सके।सराफा स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष आसुतोष पाल व महासचिव गौरव चोपड़ा ने कहा कि स्वर्णकारों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के सौजन्य से मंगलवार को हॉलमार्क पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में लाइसेंस लेने के प्रक्रिया व दस्तावेजों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। स्वर्णकारों को भारतीय मानक ब्यूरो के नए हॉलमार्क एक्ट के बारे में जागरूक किया और कहा कि जो भी स्वर्णकार हॉलमार्क युक्त ज्वैलरी बेच रहा है या बेचना चाहता है, उसके लिए अब भारतीय मानक ब्यूरो से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इस दौरान स्वर्णकारों ने सवाल कर अपनी शंकाओं को भी दूर किया।

जागरूकता कार्यक्रम में शहर के राजा सिंह मल्होत्रा रत्तन ज्वेलर्स मोती बाजार, भगवंत सिंह रतन जेवलर्स इंदिरा मार्किट, स्वर्णआभा मोती बाजार, ठाकुर जेव्लर्स, जीत जेव्लर्स, नवरत्न जेव्लर्स इंदिरा मार्किट सहित करीब 100 स्वर्णकारों ने भाग लिया।

## भरनोली में एक व्यक्ति की खाई में गिरने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर//विजय समयाल**

पुलिस थाना ज्वाली के अंतर्गत कोटला पुलिस चौकी के अधीन ग्राम पंचायत जोल के भरनोली में एक व्यक्ति की खाई में गिरने से मौत हो गई।

हादसा सोमवार रात का बताया जा रहा है, जबकि शव मंगलवार सुबह मिला है।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर भेज दिया।

# आउटर सिराज स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का वैली फंक्शन आयोजित

### डीएन कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला कुल्लू आउटर सिराज स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के वैली फंक्शन का आयोजन आज लालचंद प्रार्थी कला केंद्र में आयोजित किया। जिसमें मुख्यअतिथि आउटर सिराज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएन कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विशेष अतिथि के रूप में उपप्रधान प्रताप ठाकुर, तारा चंद, हेम चंद ठाकुर ने अपनी शिरकत की। सबसे पहले मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। आउटर



सिराज स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, मुख्य सलाहकार सौरव नेगी ने उपाद्यक्ष अंकिता काईथ, महासचिव संदीप ठाकुर, रोहित और हर्षित चेयरमैन और सह सचिव सत्यम ने सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किय। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था कुल्लू में विभिन्न विभिन्न परिस्थियों में आउटर सिराज की जानता की हर संभव सहायता करतें रहते है तथा आगे भी जब भी ऐसी कोई समस्या होगी उसका संस्था डट कर सामना करेगी तथा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने 41000 रुपये का सहयोग किया।

इस कार्यक्रम में निम्न सदस्यों ने भाग लिया, दयानंद कश्यप, प्रताप ठाकुर, ताराचंद, हेम चंद ठाकुर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# एसपी डॉ. कार्तिकेय गोकुल चंद्रन ने की प्रेसवार्ता

### अपनी दक्ष टीम के बलबूते एनडीपीएस एक्ट के तहत 38 मामले दर्ज सहित 60 आरोपी पकड़े व उनमें 6 मामले काफी बड़े

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक नाइजीरियन युवक को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जिस पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भागों में चिट्टा सप्लाई करने का आरोप है। युवक को पुलिस हिरासत में रखा गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए बिलासपुर के एसपी कार्तिकेय गोकुल चंद्रन ने बताया कि पिछले महीने 16 मार्च को सदर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज हुआ था। जिसमें प्रवीण नाम के व्यक्ति को



हिरासत में लिया गया था। प्रवीण के पास उस समय 30 ग्राम चिट्टा मिला था। जब इस मामले की जांच की गई तो पता चला कि प्रवीण ने वह चिट्टा दिल्ली से लाया था और मनाली के एक युवक चिराग को सप्लाई करना था। एसपी ने बताया की हिरासत में लिए गए इन दोनों युवकों से पूछताछ की गई तो पता चला कि पकड़े गए आरोपियों ने नाइजीरिया के युवक मार्टिन से इस चिट्टे की सप्लाई ली थी । एसपी ने बताया कि बिलासपुर सिटी चौकी इंचार्ज संजीव वालिया तथा उनके साथ अन्य पुलिस कर्मी कुलदीपए सुनील तथा रोहित की टीम दिल्ली गई और वहां जाकर जांच के दौरान यह पता चला कि दिल्ली के महावीर एंक्लेव में यह नाइजीरिया का युवक मार्टिन रह रहा था और वहीं से चिट्टे की सप्लाई कर रहा था। इस युवक को हिरासत में लेने के बाद की गई जांच के दौरान पता चला कि इस युवक के तार नाइजीरिया से जुड़े हुए हैं। यह जुलाई 2020 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था। लेकिन उसका वीजा समाप्त हो गया था। इसलिए इस पर एनडीपीएस एक्ट के अलावा फौरन एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि व्हाट्सएप कॉल के द्वारा यह सप्लायर आपस में संपर्क स्थापित करते हैं और नाइजीरिया फोन करने के बाद वहां से इस युवक मार्टिन को निर्देश आते थे और वह उन निर्देशों के अनुसार माल सप्लाई करता था। उन्होंने बताया कि जो चिट्टा इस युवक के निवास से तथा आरोपियों के पास मिला है वह विदेश से नहीं आया बल्कि भारत में ही तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग मोबाइल प्रयोग करने के बाद यह बिजनेस चलाया जा रहा था।

# छठे वेतन आयोग के लाभ नहीं मिलने से पैंशनर्स सरकार से खफा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

छठे वेतन आयोग का एरियर न मिलने से राज्य के पैंशनर्स सरकार से खफ ा है। बता दें कि पहली जनवरी 2016 के उपरांत रिटायर हुए उम्रदराज कर्मचारियों को अभी तक संशोधित कम्यूटेशन और ग्रेज्यूटी भी नहीं मिल पाई है। पैंशनर्स का कहना है कि जो कर्मचारी पहली जनवरी 2016 से 2021 तक रिटायर हुए है उन्हें लीव एंड कैशमेंट का लाभ भी नहीं पाया है जबकि 2022 में रिटायर हुए कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के नए वेतनमान के अनुरूप बढ़ी हुई ग्रेज्युटी और लीव एंड कैशमेंट का लाभ मिलेगा। सभी रिटायर कर्मचारियों को एक समान लाभ देने की मांग की गई है। पैंशनर्स का कहना है कि आगामी वित के बजट में कर्मचारियों के एरियर बारे कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है जोकि कर्मचारी वर्ग के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

बता दें कि पिछली भाजपा सरकार ने खजाना खाली के नाम पर छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप संशोधित पैशनरों की डीसीआरजी और कम्यूटेशन रोक दी गई थी। जिससे पैंशनर्स ने दुःखी होकर कांग्रेस को पूर्ण समर्थन दिया गया।

पैंशनर्स को उमीद थी कि नए मुख्यमंत्री उनकी जायज मांग पर सहानुभूति विचार करेगें परंतु ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला है। पहली जनवरी 2016 के उपरांत रिटायर हुए कर्मचारी प्रेम चंद कश्यप, कांता कश्यप, हरि सिंह थापा, रमेश कुमार, अमीचंद, राकेश, सलोचना देवी सहित अनेक पैंशनर्स ने बताया कि पैंशनर्स की देनदारियां रोकना तर्कसंगत नहीं है क्योंकि रिटायर कर्मचारी अपने जीवन के चौथे पड़ाव पर पहूंच चुके हैं।

## संपादकीय

# भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं का लीडर बनने का आगाज

**वैश्विक** स्तरपर भारत के बारे में यह सोच बनती जा रही है कि भारत हर मौके पर सकारात्मक चौका लगाने से नहीं चूकता और उसकी सोच छक्के लगाने की ओर बढ़ती चली जाती है। जी हां ! दुनिया बिल्कुल ठीक सोच रही है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों से अनेकों मौके पर, फि र कोविड काल में जज्बे और जांबाजी से मुकाबला कर वैक्सीनेशन कर फि र एक्स्ट्रा करीब 100 देशों को भी सप्लाई किया और फिर अभी जी-20 ग्रुप की अध्यक्षता कर रहा है जिसमें तेजी से नीतियों रणनीतियों के तहत भारत के हर क्षेत्रों को अवसरों की बारिश दे रहा है। अब तो कुछ विरोधों के बावजूद कश्मीर में भी दिनां 22 से 24 मई 2023 को जी-20 की बैठक होना निश्चित हो गई हैहालांकि पड़ोसी और विस्तारवादी मुल्कों को मिर्ची लगी है, परंतु भारत को उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि कश्मीर हमारा घरेलू मामला है। अब दिनांक 10-16 अप्रैल 2023 को माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री और आरबीआई के गवर्नर का दलबदल सहित अमेरिका दौरा जी-20 के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर की दूसरी बैठक 12 अप्रैल 2023 को और विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक में भाग लेना, प्रमुख वित्तीय अंतरराष्ट्रीय संगठन, गोष्ठियों, गोलमेज बैठकों, विश्व के थिंकटैंक और अर्थशास्त्रियों के साथ संवाद सहित अनेकों कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर भारत के लिए अर्थ ज्ञान का सागर लेकर उसपर अपनी नीतियों रूपी नाव चला कर भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में एक सफल आगाज होगा। चूंकि माननीय एफएम का अमेरिका दौरा एक महत्वपूर्ण दौरा है इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने चल पड़ा है मेरा भारत देश।

साथियों बात अगर हम माननीय एफएम के 10-16 अप्रैल 2023 को अमेरिका दौरे की करें तो, वित्त मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि वित्तमंत्री अमेरिका में जी-20 बैठक की मेजबानी करेंगी। साथ ही विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठकों में भाग लेंगी। आईएमएफ की वसंतकालीन सालाना बैठकों के दौरान, वित्त मंत्री जी-20 देशों के अपने समकक्षों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित अन्य प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत आपसी हित और सहयोग के मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों के बारे में चर्चा करेंगी। दूसरी जी-20 एफएमसीबीजी बैठक में तीन सत्र होंगे जिनमें वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना, सतत वित्त, वित्तीय क्षेत्र और वित्तीय समावेश तथा अंतर्राष्ट्रीय कराधान शामिल है। इन सत्रों का खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा का समाधान करना, वैश्विक ऋण कमजोरियों को प्रबंधित करना, बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करना, जलवायु कार्रवाई के लिए वित्त जुटाना, वित्तीय समावेश प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और अंतर्राष्ट्रीय कर और वित्तीय प्रगति में तेजी लाना आदि विषयों पर विचार-विमर्श करना होगा। बैठक में भारत की जी-20 वित्त ट्रैक कार्ययोजना के तहत परिकल्पित परिणामों पर हुई प्रगति का जायजा भी लिया जाएगा।

# विपक्ष की राजनीति की कुंद हुई धार

राजेश माहेश्वरी

> “बीजेपी इस बात को लेकर आश्वस्त है कि अभी अगले एक साल के लिए उसके तरकश में कई तीर हैं, जिनसे वह विपक्ष के सारे दांव नाकाम कर देगी। जी-20 सम्मेलन, राम मंदिर की स्थापना जैसे मुद्दों को लेकर पार्टी का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले ही वह ड्राइविंग सीट पर होगी। हालांकि यह भी सही है कि अगले साल से पहले 9 राज्यों के चुनाव परिणाम भी आ जाएंगे। इसके अलावा कई मुद्दे अचानक भी आ जाते हैं। इसलिए आम चुनावों से पहले फिलहाल राजनीति की कोई दिशा अंतिम नहीं कही जा सकती। लेकिन ये बात सच है कि विपक्ष एकजुट हुए बिना बीजेपी से मुकाबला नहीं कर सकता है। लेकिन फिलवक्त विपक्ष की राजनीति को देखकर ऐसा लगता है विपक्ष की एकता दूर की कौड़ी है।”

**साल 2024 में होने वाले आम चुनाव को लेकर** देश की राजनीति में लगातार सक्रियता बनी हुई है। संसद के बजट सत्र में विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी कोशिश की। विपक्ष विशेषकर कांग्रेस ने अडाणी मामले में सरकार की मुश्किलें बढ़ाने का काम किया। संसद से सड़क तक विपक्ष ने सरकार को घेरता दिखाई दिया। सरकार और विपक्ष के आपसी खींचतान के चलते संसद का बजट सत्र हंगामेदार रहा और कार्रवाई नाममात्र की ही हो पाई। लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष में आपसी एकता को लेकर मंथन हो रहा है। लेकिन अभी तक विपक्ष की एकता को लेकर कोई आम सहमति या समझ नहीं बन पाई है। इस सारी कवायद के बीच बीच उस विपक्षी एकता की परिकल्पना को एक झटका लगा है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अडानी मामले में ऐसा स्टैंड लिया है जो कांग्रेस और कई दूसरे दलों से विपरीत है। उस एक स्टैंड ने विपक्षी एकता वाली मुहिम को झटका दिया है। बीते दिनों एक समाचार चैनल को साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने हिंडनबर्ग की उस रिपोर्ट पर निशाना साधा है जिसमें गौतम अडानी को लेकर कई आरोप लगाए गए हैं। शरद पवार ने कहा कि उस शख्स ने पहले भी ऐसे बयान दिए थे और तब भी सदन में कुछ दिन हंगामा हुआ था। लेकिन इस बार जरूरत से ज्यादा तवज्जो इस मुद्दे को दे दी गई हैं वैसे भी जो रिपोर्ट आई, उसमें दिए बयान किसने दिए, उसका क्या बैकग्राउंड है। जब वो लोग ऐसे मुद्दे उठाते हैं जिनसे देश में बवाल खड़ा हो, इसका असर तो हमारी अर्थव्यवस्था पर ही पड़ता है। लगता है कि ये सबकुछ किसी को टारगेट करने के लिए किया गया था। अब शरद पवार का ये बयान उस समय आया जब सदन में 19 विपक्षी पार्टियों ने अडानी मुद्दे को जमकर उठाया भी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। उस समय शरद पवार का यूं अलग स्टैंड लेना कई तरह के सवाल खड़े कर गया है। इस समय एनसीपी विपक्ष की एक बड़ी पार्टी है, शरद पवार नेता हैं, ऐसे में उसकी और ज्यादा बढ़ जाती है। महा विकास अघाड़ी में तो वो कांग्रेस के साथ खड़ी है। उस स्थिति में कांग्रेस से ही अलग स्टैंड रखना कई तरह के संकेत दे गया



है। इस विवाद पर कांग्रेस की तरफ से भी एक बयान जारी किया गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि एनसीपी का अपना कोई स्टैंड हो सकता है, लेकिन 19 विपक्षी पार्टियां ये मानती हैं कि अडानी मुद्दा गंभीर है। मैं ये भी साफ करना चाहता हूं कि एनसीपी और दूसरे विपक्षी दल हमारे साथ ही खड़े हैं, सभी साथ मिलकर लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं और बीजेपी की बंटवारे वाली राजनीति को हराना चाहते हैं। अब जयराम रमेश ने ये बयान दे तो दिया है, लेकिन अडानी मुद्दा कांग्रेस के काफी करीब है, वैसे भी इसे क्योंकि खुद राहुल गांधी ने उठाया है, इसके मायने ज्यादा हो गए हैं। गौतम अदानी मामले के अलावा स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी के बाद से ही विवाद छिड़ा हुआ है। इस बयान के बाद से महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में भी आपसी विवाद शुरू हो गया है। इस विवाद को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने मध्यस्थता की ओर कदम रखा है और राहुल गांधी को चुप्पी की सलाह दी है। इस बयान को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने सबसे ज्यादा नाराजगी जाहिर की. कांग्रेस और उद्धव गुट के बीच तनाव बढ़ने के बाद उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने राहुल गांधी से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इस मुद्दे पर दोनों पार्टियों के विचार अलग-अलग हैं, लेकिन उन्हें लोकतंत्र को लेकर सामने आ रही चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए। इसके बाद से राहुल गांधी ने सावरकर के मामले पर चुप्पी साध ली है। विपक्षी एकता की बात करें तो शरद पवार उसकी एक अहम कड़ी हैं। वो थर्ड फ्रंट के साथ जाएंगे या कांग्रेस वाली विपक्षी एकता का हिस्सा बनेंगे, अभी तक पत्ते खोलेंगे गए हैं। लेकिन क्योंकि महाराष्ट्र में दोनों पार्टियां साथ हैं, ऐसे में कांग्रेस जरूर चाहेगी कि शरद पवार उनके साथ आएं। लेकिन अडानी मुद्दे पर एनसीपी प्रमुख के बयान उस इच्छा को एक सियासी झटका दिया है। वहीं विपक्ष के दूसरे अहम नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ऊपरी तौर पर विपक्ष के साथ अपनी सुविधा के अनुसार खड़े तो दिखाई देते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) इन दिनों प्रचार कर रहे हैं कि देश के प्रधानमंत्री मोदी अनपढ़ हैं या कम पढ़े-लिखे हैं। यह निराशाजनक, खोखला और अनैतिक दुष्प्रचार है। किसी भी व्यक्ति या प्रधानमंत्री की शैक्षिक डिग्री सूचना के अधिकार के बाहर है। वह एक निजी उपलब्धि और दस्तावेज है। यदि वह सार्वजनिक नहीं है, तो कानूनन उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। कमोबेश केजरीवाल को भी इतनी जानकारी होगी, क्योंकि उन्होंने सूचना का अधिकार से ही अपनी राजनीति शुरू की थी और मैगसेसे अवार्ड हासिल किया था।

लोकतांत्रिक राजनीति के मायने ये नहीं हैं कि निर्वाचित नेता और प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा प्राप्त हों या किसी विषय के विशेषज्ञ हों अथवा कुलीन और अभिजात्य जमात के हों। एक बेहद आम और गरीब आदमी प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। दरअसल केजरीवाल और आप के प्रवक्ता-नेता इसे भी राजनीतिक प्रचार बना रहे हैं कि प्रधानमंत्री अनपढ़ या अल्पशिक्षित हैं, लिहाजा काम करने और नीतियां बनाने में अक्षम हैं। वास्तव में लोकतंत्र लोगों के द्वारा और लोगों के लिए की एक व्यवस्था है। प्रधानमंत्री की शैक्षिक डिग्री की तुलना केजरीवाल की आईआईटी की डिग्री या आईआरएस से नहीं की जा सकती। कुलीन और उच्चतम शिक्षा वाले प्रधानमंत्री के तहत और उनके आदेशानुसार काम करते हैं, क्योंकि लोकतांत्रिक जनादेश अंतिम निष्कर्ष है। पवार ने बीते रविवार को नासिक में संवाददाताओं से कहा, जब बेरोजगारी, महंगाई और कानून व्यवस्था की स्थिति जैसे अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे मौजूद हैं, तो क्या देश में किसी की शैक्षणिक डिग्री राजनीतिक मुद्दा होनी चाहिए। विपक्ष ने अपनी पुरानी गलतियों से सीख लेकर बीजेपी को काउंटर करने के लिए जो नई रणनीति बनाई है, उसके लिए उसने कुछ मुद्दे चुने हैं। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना जैसे मुद्दे को स्थापित करना या महिलाओं को हर महीने पगार देने की लगातार घोषणा इसी का हिस्सा है, जिससे विपक्ष बीजेपी के कोर वोट बैंक में सेंध लगाना चाहता है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में इसी रणनीति के तहत कांग्रेस को कामयाबी मिली। हालांकि बीजेपी इस बात को लेकर आश्वस्त है कि अभी अगले एक साल के लिए उसके तरकश में कई तीर हैं, जिनसे वह विपक्ष के सारे दांव नाकाम कर देगी। जी-20 सम्मेलन, राम मंदिर की स्थापना जैसे मुद्दों को लेकर पार्टी का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले ही वह ड्राइविंग सीट पर होगी। हालांकि यह भी सही है कि अगले साल से पहले 9 राज्यों के चुनाव परिणाम भी आ जाएंगे। इसके अलावा कई मुद्दे अचानक भी आ जाते हैं। इसलिए आम चुनावों से पहले फिलहाल राजनीति की कोई दिशा अंतिम नहीं कही जा सकती। लेकिन ये बात सच है कि विपक्ष एकजुट हुए बिना बीजेपी से मुकाबला नहीं कर सकता है। लेकिन फिलवक्त विपक्ष की राजनीति को देखकर ऐसा लगता है विपक्ष की एकता दूर की कौड़ी है।

## कविता

गजल

उन के बिन गर्दिशे रोजो शब देखिए
मुझ पे ढाती है क्या क्या गजब देखिए

मैं ने जो माँगा उस ने अता कर दिया
महबाँ मुझ पे है कितना रब देखिए

हुस्न में क्या बला का है आया निखार
उस को आ कर जरा आप अब देखिए

सुर्ख रुखसार होते हैं क्या दीदा जेब
जब वो गुस्से में हो उस को तब देखिए

ऐसे कैसे भला मान जाएगा वो
उस की नाराजगी का सबब देखिए

मर के भी जिन्दा हैं गालिब, इकबाल, मीर
ये है मेयारे इल्मो- अदब देखिए

क्या वो खुशियों का तावीज है पा गया
हँसता ही रहता है उस को जब देखिए

तब चले गा पता कितने फय्याज हैं
उन से कुछ आप कर के तलब देखिए

जकी तारिक

# मध्यप्रदेश: चाबी किसके हाथ में रहेगी?

**अशोक भाटिया**

**एक समय दो द**लीय राजनीति कही जाने वाली मध्यप्रदेश की सियासत पिछले कुछ सालों से बिहार और उत्तरप्रदेश की तरह जातिगत राजनीति की ओर आगे बढ़ रही है। राज्य में जाति और वर्ग के आधार पर राजनीति करने वाली पार्टियों की सक्रियता बढ़ी है। जिसके चक्रव्यूह में भाजपा और कांग्रेस फंसती चली जा रही हैं। फिलहाल चुनाव आने से पहले दोनों पार्टियां सभी जातियों को साधने में लगी हुई है। लेकिन ऐसे में उन्हें डर है कि कहीं दूसरा वर्ग उनसे नाराज न हो जाए। इस साल मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा और कांग्रेस सत्ता हासिल करने के लिए एससी-एसटी और ओबसी की छोटी जातियों पर फोकस कर रही है। राज्य में एससी-एसटी और ओबसी की वोट बैंक सबसे अधिक है। प्रदेश में हमेशा से ही सत्ता की चाबी एससी-एसटी के हाथो में रही है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह इन दोनों वर्गों के लिए 36 फीसदी यानी 82 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। ऐसे सत्ता की बागडोर संभालने के लिए इन वर्गों का बहुमत मिलना काफी ज्यादा जरूरी हो जाता है। बीते चुनाव में कांग्रेस ने आदिवासी, अनुसूचित जाति और आरक्षित सीटों पर कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया था। यही वजह रही कि कांग्रेस पार्टी 2018 का विधानसभा चुनाव जीतने के साथ सूबे की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। इसी को देखते हुए भाजपा पिछले दो सालों से एससी-एसटी और ओबीसी की छोटी जातियों को साधने की कोशिश में जुट गई है। खास बात यह है कि भाजपा के दो प्रमुख चेहरे इसके लिए कैंपेन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह लगातार आदिवासी क्षेत्रों में रैली और जनसभाएं कर रहे हैं। राजधानी भोपाल से इन दोनों नेताओं ने आदिवासी वोटरों को लुभाने के लिए कई सारे वादे भी कर दिए हैं। इस वक्त भले ही मध्य प्रदेश में सियासत में जातिवाद हावी नहीं है, लेकिन इस बार की चुनावी माहौल में जातिवाद की हवा तेजी से बह रही है। जातिवाद की सियासत करने वाली पार्टियां प्रदेश में तेजी से अपने पैर पसार रही है। साथ ही ये सभी पार्टियों ने अभी से ही जातियों के आधार पर चुनावी रंग घोलना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि एट्रोसिटी एक्ट, पदोन्नति में आरक्षण और आदिवासी हित जैसे विषयों ने जातिवादी संगठन खड़े कर दिए है। ये सभी संगठन इन्ही मुद्दों की वजह से चुनाव लड़ने का दम भर रहे हैं। अजाक्स (अजा-अजजा कर्मचारियों का संगठन), सपाक्स (सामान्य और ओबीसी वर्ग की संस्था), जयस (आदिवासी युवाओं का राजनीतिक संगठन) और भीम आर्मी की आजाद समाज पार्टी जैसे संगठन विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के प्रयास में जुटे हैं। वैसे प्रदेश की राजनीतिक इतिहास की बात करें तो यहां जातिवादी राजनीति करने वाले दल बहुजन समाज पार्टी, गोंडवाना पार्टी और सवर्ण समाज पार्टी कभी सफल नहीं हो पाए हैं, लेकिन इस बार का चुनावी मिजाज बिलकुल अलग नजर आ रहा है।

## विचार

# उद्यमी देश के नायक या खलनायक

**आर.के. सिन्हा**

**इंफोसिस के** फाउंडर एन.नारायण मूर्ति जब भी बोलते हैं तो उसे सबको सुनना ही पड़ता है। वे अपनी बात बेखौफ अंदाज में रखते हैं। उन्होंने पिछले दिनों इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद (आईआईएम-ए) के 58वां वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा कि कोरपोरेट लीडर्स को अपनी सैलरी लेते हुए संयम बरतना चाहिए। उनका लाइफ स्टाइल भी बहुत खचीर्ला नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कि जिस देश में अब भी खासी गरीबी है , वहां पर उद्योगपतियों को एक तरह से अपने व्यवहार से उदाहरण पेश करना चाहिए। नारायणमूर्ति जी की बात पर गौर तो किया ही जाना चाहिए। मुझे याद है कि भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के प्रधानमॅंत्रित्व काल में जब मैं मानव सॅसाधन और विज्ञान एवॅं प्राद्योगिकी मॅत्रालय में सलाहकार था, नारायणमूर्ति जी आई० आई० एम० , अहमदाबाद के अध्यक्ष थे और कई विषयों पर मॅत्रालय से अलग विचारों के लिये विवादों में भी आ जाते थे! पर, वे अपनी बात मजबूती से रखते थे और कौन क्या सोच रहा है, इसकी परवाह नहीं करते थे! यह कहना सही होगा कि हमारे यहां के अमीरों का लाइफ स्टाइल किसी राजा महाराज जैसा रहने लगा है। ये शादी ब्याह के अवसरों पर या फिर अपने घरों को खरीदने में सैकड़ों करोड़ रुपये फूंक देते हैं, जिसकी कोई जरूरत नहीं होती है। माइक्रोसाफ्ट के फाउंडर चेयरमेन बिल गेट्स से अधिक धनी कौन होगा। पर उनका जीवन सादगी भरा है। वे कमाए हुए धन के बड़े भाग का उपयोग लोक कल्याण के लिए करते हैं। इधर आनंद महिन्द्रा जैसे उद्योगपति भी हैं। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा समूह के चेयरमेन आनंद महिन्द्रा अपनी पुत्री का विवाह सादगी के साथ करते हैं। उनके विवाह समारोह में तीन-चार दर्जन लोग रहते हैं। ये ही होना भी चाहिए। नारायणमूर्ति का लाइफ स्टाइल भी बहुत सादगी भरा है। वे अपने अरबों रुपयों के घर में नहीं रहते। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्रषि सुनक के ससुर नारायणमूर्ति जी की पत्नी सुधा जी को भी आप कोई बहुत महंगी साड़ी पहने हुए नहीं दिखेंगीं । दोनों पति-पत्नी लोक कल्याण के कार्यों में लग रहते हैं। रतन टाटा भी धन नहीं फूंकते। इस बीच, ये निश्चित रूप से विचारणीय मसला है कि किसी कंपनी के सीईओ को कितनी सैलरी मिले? सीईओ अपनी कंपनी का कप्तान होता है। तो क्या इस लिए उसे अपनी कंपनी के बाकी कर्मियों की अपेक्षा कई गुना अधिक पगार मिले ? क्या कंपनी के कर्मियों का उसे बुलंदियों में लेकर जाने में कोई रोल नहीं होता? क्या सिर्फ सीईओ ही अपनी कंपनी की सफलता का श्रेय ले ले? सीईओ को भारी-भरकम पगार मिलती रहे, इसके पक्ष में एक तर्क भी दिया जाता है। कहा जाता है किचूंकि वह अपनी मेहनत से शिखर पर पहुंचता है, इसलिए मोटी पगार पाना उसका हक बनता है। ? कुछ साल पहले देश की एक प्रमुख टायर कंपनी के सीईओ की पगार पर बवाल मचा था। उसने अपनी सालाना सैलरी में दस फीसद तक की वृद्धि कर ली हालांकि उसकी कंपनी का मुनाफा विगत वर्षों की तुलना में घट रहा था। अब एक सवाल? क्या कोई कर्मी खराब प्रदर्शन करने के बाद भी अपनी वेतन में मोटी वृद्धि की उम्मीद कर सकता है? नहीं। ये ही सवाल उस टायर कंपनी के सीईओ से क्यों नहीं पूछा जाता? जब देश में करीब पौन अरब आबादी एक लाख रुपये सालाना रुपये से कम पर गुजर -बसर करती हो तब ऐसी बर्बर पगार-विषमता को कैसे न्यायपूर्ण ठहराया माना जा सकता है? सरकार किसी भी दल या गठबंधन की रहे, क्या इतनी वीभत्स पूजीवादी व्यवस्था को झेलना चाहिए? आर्थिक उदारीकरण के पश्चात सैलरी में गुणात्मक सुधार हुआ है। सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों में काम करने वालों की सैलरी अब सम्मानजनक हो चुकी है। पर सैलरी में अंतर काफी बढ़ा है। इस स्थिति के कारण कर्मियों में तनाव और आपस में एक-दूसरे के प्रति अविश्वास और वैमनस्थ का भाव भी बढ़ा है। ये तो तस्वीर का एक पहलू था। दूसरा पहलू ये भी है कि हमारे यहां सफल उद्यमियों को लेकर समाज के एक वर्ग की बड़ी नेगेटिव राय रहती है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सबसे शर्मनाक घटना जालियाँवाला बाग जघन्य हत्याकांड

**अशोक प्रवृद्ध**

**13 अप्रैल** 1699 के दिन सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसीलिए इस दिन बैसाखी नामक पर्वपंजाब, हरियाणा और आस-पास के प्रदेशों में धूमधाम के साथ सबसे बड़े त्योहारके रूप में मनाया जाता है। सिख इसे सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। 13 अप्रैल 1919 को भी बैसाखी का दिन था, औरपूरा भारत अपना प्रमुख त्यौहार बैसाखी मना रहा था।भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर में भी13 अप्रैल 1919 कोबैसाखी के दिन सैंकड़ों वर्षों से लगते आ रहे एक मेले में हजारों लोग दूर-दूर से हरमन्दिर साहिब गुरुद्वारे में गुरुजी के दर्शन करने और बैसाखी का त्यौहार मनाने पहुंचे थे।स्वर्ण मन्दिर के निकटअवस्थित जालियांवाला बाग में भी बहुत सारे बच्चे-बूढ़े, महिलाएं इकट्ठे हो प्रसन्नतापूर्वक बैसाखी मना रहे थे। लेकिन बैसाखी मना रहे लोगों पर रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एकत्रितहोने का आरोप लगाकर जनरल डायर नामक एक ब्रिटिश अधिकारी ने अकारण ही गोलियाँ चलवा दीं, जिसमें चार सौसे अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और दो हजार से अधिक लोग घायल हो गए थे।

अंग्रेजों के द्वारा सभा की भीड़ में गोली चालन कर अकारण ही नृशंस रूप से चार सौ से अधिक भारतीयों को गोली मार हत्या कर देने और दो हजार से अधिक लोगों को घायल कर देने की घटना ने भारतीय मानस को व्यापक रूप से प्रभावित किया। अंग्रेजों के प्रति भारतीयों का मन घृणा से भर गया, और वे विदेशी शासन से मुक्ति के लिए हर सम्भव प्रयास करने को तैयार होने लगे।इतिहासकारों के अनुसारभारतीय स्वाधीनता संग्राम की सघर्ष कथा, घटनाएँ, आंदोलन, जनश्रुति, किम्बदन्ति तो अनन्त हैं, परन्तु यदि किसी एक घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था, तो वह घटना जालियाँवाला बाग जघन्य हत्याकांड ही था, जो भारत में ब्रिटिश शासन के अंत की शुरूआत बनी।यही कारण है कि इस घटना कोभारतीय इतिहास में जालियांवाला बाग जघन्य हत्याकांड के नाम से स्मरण किया जाता है।

# झूठ राज कर रहा है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**समाचार पत्र** के पहले पन्ने पर छपा था झ्र समुद्री लहरों से बिजली उत्पादन, हुआ फलाँ देश से करार। पढ़कर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। अब धरती के भीतर बचा ही क्या है? खुदाई पर खुदाई करते जायेंगे तो खुदा की खुदाई शर्माएगी नहीं तो क्या ब्रेक डैंस करेगी? वह तो बच्चे हैं जो गुब्बारे में हवा भरकर धरती को फुलाए रखे हैं! पेट्रोल के चक्कर में इंसान पे के साथ-साथ टे-टे करते-करते इतना ट्रोल हो रहा है कि पूछो मत। बहुत जल्द डीजल का नाम बदलकर दिल जल करने का प्रस्ताव जनता की संसद में जारी होने वाला है। मिट्टी का तेल तो कब का निकल चुका। अब बचा ही क्या धरती में जो उसमें से निचोड़ोगे। ईंधन के बिना जानवर जी सकते हैं, इंसान कतई नहीं। यहाँ खिसकन, घिसकन के लिए भी इंसान ईंधन मांगता है। पंचतत्व में विलीन होने से पहले इंसान पंचतत्व की बैंड बजाकर छोड़ता है। ईंधन की भूख ने पंचतत्वों को कहीं का नहीं छोड़ा। वायु, अग्नि, धरा, गगन, जल में से जो मिला, जैसे मिला, जहाँ मिला उसका जैसे चाहा तैसे, जब चाहा तब खूब इस्तेमाल किया। थोड़ी देर के लिए दोस्त की बाइक मिल जाए तो जो कुटाई होती है, वही हालत पंचतत्वों की है। तत्व तो कब के हवा हो गए अब तो केवल इंसानों के लिए पंच बचा है। वैज्ञानिकों ने बहुत पहले कह रखा था कि हिलने-डुलने और हर सड़ने वाली चीज से ऊर्जा पैदा की जा सकती है। विश्वास न हो तो इंसान को ही ले लो। यह जितना हिलता-डुलता और सड़ता है उतना ही उत्पात मचाकर छोड़ता है। समुद्री लहरों से बिजली पैदा हो न हो इंसानी धड़कनों से जरूर पैदा हो सकती है। सड़ते अंधविश्वासों से अविश्वसनीय बिजली का महारूप तैयार किया जा सकता है। नेताओं की लंबी-लंबी फेंकने से भी ईंधन का विकराल रूप प्रकट हो सकता है। अब तो रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया हर जगह इन्हीं फेंकुओं की धूम है। इनकी ईर्ष्यागाथा से विरोधियों के पेट में जो मराड़ पैदा होती है, उससे भी बिजली पैदा की जा सकती है। इन फेंकुओं के मुख पर पाइप लगा दें तो इतनी बिजली पैदा होगी कि आने वाली अनंत पीढ़ियों को बिजली तो क्या किसी चीज की कमी नहीं पड़ेगी। कभी-कभी ख्याल आता है कि ईर्ष्या के बजाय झूठ से बिजली पैदा की जाए तो कैसा रहेगा!

# ऐसे ना करें पालक का सेवन, हो सकती है किडनी स्टोन

कहा जाता है कि हरी सब्जियां खाना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता हैं। जो बिलकुल सही है, हरी सब्जियों में सभी तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर हरी सब्जी में पालक की बात की जाए, तो पालक को सबसे सेहतमंद डाइट माना जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि पालक आपके हेल्थ के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ नुकसानदायक भी होता है। जी हां, पालक का ज्यादा सेवन आपको खतरे में डाल सकता है।

दरअसल अधिक मात्रा में पालक का सेवन करने से किडनी इन्फेक्शन के साथ बुखार, डायरिया और सेप्सिस जैसी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। एक शोध के मुताबिक, कच्चे पालक में आक्सीलिक एसिड पाया जाता है, जो आंतों में खनिजों के लिए ऑक्सालेटेस या अघुलनशील लवण बनाने की क्षमता रखता है।

बता दें कि, ऑक्सालेट्स किडनी की पथरी में पाए जाते हैं। साथ ही आक्सीलिक एसिड पालक में पाए जाने वाले पोषक तत्वों जैसे आयरन, पोटेशियम, विटामिन ए और कैल्शियम के अवशोषण को बनने से रोकते हैं और अपने आप को और भी ज्यादा विकसित करते हैं। इसके अलावा सलाद के रूप में कच्चा पालक खाने से लिस्टिरिया, सल्मोनेला या ई कोली बैक्टीरिया फैल सकता है जिससे कई गंभीर बीमारी हो सकती हैं।

## ऐसे करें सेवन



- अगर आपको पालक खाना बेहद पसंद है, तो आप बेबी पालक ही खाएं।
- पालक को पकाकर खाना ज्यादा बेहतर होता है, क्योंकि इसको पकाने से इसमें मौजूद ऑक्सीलिक एसिड नष्ट हो जाता है। जिसके बाद पालक में सिर्फ पोषक तत्व ही मौजूद रहते हैं। जो आपके सेहत के लिए लाभदायक होते हैं।

# घास पर नंगे पाँव चलने के फायदे



एक समय था जब लोग बिना चप्पल, जूतों के पैदल ही चलते थे, लेकिन अब गंदगी और चोट से बचने के लिए अधिकतर लोग पैरों में बिना कुछ पहने घर से बाहर नहीं निकलते। हांलाकी अगर आप वॉक करने के लिए साफ मैदान या घास पर जा रहे हैं, तो आपको चप्पल पहनने की अधिक आवश्यकता नहीं रहती, बल्कि नंगे पैर घास पर पैदल चलने से आपको कई लाभ होते हैं। आइए, जानते हैं उन्हीं के बारे में -

- सबसे पहला फायदा तो यह है, कि दिनभर आप अपने पैर जूते या चप्पलों से पैक रखते हैं, ऐसे में नंगे पैर खुली हवा में रहने से, पैरों को भरपूर ऑक्सीजन मिलती है, रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे उनकी थकान या दर्द खत्म हो जाता है।
- नंगे पैर पैदल चलने से वे सारी मांसपेशियां सक्रिय हो जाती है, जिनका उपयोग जूते-चप्पल पहनने के दौरान नहीं होता। मतलब आपके पैरों के अलावा, उससे जुड़े सभी शारीरिक भाग सक्रिय हो जाते हैं।



- नंगे पैर पैदल चलते वक्त, आपके पंजों का निचला भाग सीधे धरती के संपर्क में आता है, जिससे एक्युप्रेशर के जरिए, सभी भागों की एक्सरसाईज होती है, और कई तरह की बीमारियों से निजात मिलती है।
- प्राकृतिक तौर पर धरती की उर्जा पैरों के जरिए आपके पूरे शरीर में संचारित होती है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। इससे आपको भूमि तत्व से संबंधित रोग नहीं होते।
- दिनभर जूते-चप्पल पहनकर आप चलने में जरूर संतुलन बनाए रखते हैं, परंतु नंगे पैर चलना आपके शरीर की सभी इंद्रियों के संतुलन की प्राकृतिक चेतना को बरकरार रखने में मदद करता है।
- नंगे पैर चलने से शरीर में प्राकृतिक रूप से उर्जा बनी रहती है, और इससे शरीर के अंग अधिक सक्रिय, सुडौल व उपयोगी बनते हैं। इसके साथ ही आपका रक्तसंचार भी बेहतर होता है।
- नंगे पैर चलना एक तरह से प्रकृति के साथ, खुद के और करीब आने जैसा है। इसके जरिए आप खुद के प्रति अधिक जागरूक होते हैं और पहले से अधिक संवेदनशील होते हैं।
- इस प्रयोग से उर्जा का स्तर बढ़ने के साथ ही, तनाव, हाईपरटेंशन, जोड़ों में दर्द, नींद न आना, हृदय संबंधी समस्या, ऑथ्राईटिस, अस्थमा, ऑस्टियोपोरोसिस की समस्याएं भी समाप्त होती है, और रोगप्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

# रेसिपी



## शकरकंद की चाट

- 4 से 5 छोटी शकरकंद
- 2 छोटे चम्मच हरी चटनी
- 2 छोटे चम्मच इमली की मीठी चटनी
- 1/2 इंच अदरक (बारीक कटा)
- 1 चम्मच बारीक कटी हरी धनिया
- 1/4 छोटा चम्मच सेंधा नमक
- 1/2 नीबू

### विधि

**इमली की चटनी:** 2 बड़े चम्मच इमली के गूदे को गरम पानी में आधे घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसे पीसकर छान लें। इसमें 3 से 4 बड़े चम्मच चीनी डाल के थोड़ा गाढ़ा होने तक उबाल लें। इमली की चटनी तैयार है। इसे आप फ्रिज में स्टोर भी कर सकते हैं। **धनिया चटनी के लिए:** धनिया पत्ती, हरी मिर्च, अदरक, सेंधा नमक डालकर पीस लें। पिसे हुए पेस्ट में नींबू का रस मिल दें। आपकी हरी चटनी तैयार है। **चाट के लिए:** उबली हुई शकरकंद को छील कर 1/4 इंच के टुकड़ों में काट लें। इसमें सेंधा नमक, हरी मिर्च, जीरा पाउडर, अदरक, हरी धनिया, हरी चटनी, मीठी चटनी डाल के मिला दें। चाट को सर्व करने के लिए इसे प्लेट में निकालें और ऊपर से थोड़ा सा हरा धनिया, जीरा पाउडर व नीबू के रस से गार्निश कर सर्व करें।



## दही के शोले

- 8 ब्रेड स्लाइस, तलने के लिए तेल
- 1/2 कप दही
- 1 बारीक कटा प्याज
- आधा कप बारीक कटी शिमला मिर्च
- 2 टेबलस्पून मिक्स्ड सब्जियां (गाजर, फ्रेंच बीन्स, गोभी), 1/3 टीस्पून पेपर पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 1 टेबलस्पून मैदा
- 1 टेबलस्पून पानी

### विधि

एक बोल में दही, सब्जियां, प्याज, काली मिर्च पाउडर और नमक डालकर मिलाएं।
ब्रेड स्लाइस के किनारों को चाकू की सहायता से काट दें। अब ब्रेड को बेलन से पतला कर लें।
मैदा और पानी का गाढ़ा घोल तैयार करें। इस घोल को ब्रेड के चारों किनारे पर लगाएं।
बीच में स्टफिंग भरे। इसे रोल कर दें।
ऐसे ही सारे रोल्स तैयार कर डीप फ्राई करें।
इसे बीच में काटें और पुदीने की चटनी के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

## लॉफिंग ज़ोन

रमन अपने दोस्त नरेश से बोला- क्या बात है, आजकल तुम्हारी प्रेमिका अक्सर चुप-चुप ही रहती है? तुमने उसे डाँटा क्या?

नरेश- नहीं यार! मेरी क्या मजाल है जो मैं उस डाँट सकूँ। दरअसल हुआ यूँ कि एक दिन हम दोनों फोटो खिंचवा रहे थे, तो फोटोग्राफर ने मेरी प्रेमिका से कहा 'जब आप चुप रहती हैं, तो एकदम कैटरीना की तरह दिखती है।'

□ □ □

एक भीड़ भरी खचाखच बस में एक युवती को जोर से धक्का लगा। युवती झल्लाई और पीछे खड़े युवक को चिल्ला कर बोली, जान वर हो क्या?

युवक ने रोमांटिक अंदाज में जवाब दिया- जान तो आप हैं, मैं तो बस आपका ही वर हूँ।


□ □ □

एक बार स्वीमिंग पुल के किनारे कपड़े रखे थे और वहाँ एक कागज का पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मेरे कपड़े मत चुराना- बॉक्सिंग चैंपियन रमन।

जब वह तैर कर बाहर निकला, तो देखा वहाँ से उसके कपड़े गायब थे और एक पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मुझे पकड़ने की कोशिश मत करना- मैराथन चैंपियन चमन।


□ □ □

## काकुरो पहेली -4023



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 4022 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4023



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 4022



## सूडोकु -4023


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -4022 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 4023



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली -4022 का हल





# शिल्पा शेट्टी

## की लाडली समीशा ने भाई वियान को चोट लगने पर यूं की देखभाल, वायरल वीडियो देख फैंस भी हुए हैरान

शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह इंस्टाग्राम पर सिर्फ अपनी फिटनेस वीडियो ही नहीं शेयर करतीं, बल्कि अपनी बेटी समीशा के क्यूट वीडियोज भी शेयर करती हैं। उनकी बेटी छोटी सी उम्र में सोशल मीडिया स्टार बन चुकी हैं।शिल्पा शेट्टी जब भी अपनी बेटी का कोई वीडियो शेयर करती हैं, तो वह देखते ही देखते वायरल हो जाता है। अब हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने सिबलिंग डे के खास मौके पर अपनी बेटी का एक बेहद ही दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया है। इस वायरल वीडियो में नन्ही समीशा अपने बड़े भाई की प्यार से देखभाल करते हुए नजर आ रही हैं।

**भाई को चोट लगने पर नन्ही समीशा ने यूं की देखभाल**

निकम्माएक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने कुछ समय पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्यारी से वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में समीशा अपने भाई वियान के पास बैठी हैं और उनके हाथ में एक रुमाल है, जिसमें बर्फ लिपटी हुई है।

इस वीडियो में राज कुंद्रा बेटी समीशा से ये पूछते हुए नजर आ रहे हैं कि, आप उन पर बर्फ क्यों लगा रही हैं। जिसका बड़े ही प्यार से जवाब देती हुईं समीशा कहती हैं, मेरे भाई के सिर में चोट लग गई है। जिसके बाद समीशा अपने पिता राज कुंद्रा को चोट दिखाते हुए कहती हैं कि मैं इस पर आइस लगा रही हूं।इसके बाद समीशा वियान के साथ बैठकर उन पर जिस तरह से प्यार लुटा रही हैं, उस अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है।



**शिल्पा की बेटी का वीडियो देख फैंस के चेहरों पर आई मुस्कुराहट**

शिल्पा की बेटी समीशा जिस तरह से अपने भाई वियान की चोट पर आइस लगा रही हैं, उसे देखकर फैंस का दिल पसीज गया है। दोनों के बीच की क्यूट बॉन्डिंग फैंस को काफी पसंद आ रही है।

**सरोगेसी की मदद से दोबारा मां बनी थीं शिल्पा शेट्टी**

शिल्पा शेट्टी की बेटी समीशा 3 साल की हैं। उन्होंने 2 महीने पहले 15 फरवरी को ही अपना जन्मदिन मनाया है। आपको बता दें कि 44 साल की उम्र में दूसरी बार शिल्पा शेट्टी मां बनी थीं, सरोगेसी की मदद से उनकी जिंदगी में बेटी समीशा आई।

## आपको क्या लगा मैं वापस नहीं आऊंगी? गैंग लीडर बन आया रिया चक्रवर्ती का जवाब, छोटे पर्दे पर दिखेगा गुस्सा!



एमटीवी रोडीज के आगामी सीजन 19 में कर्म या कांड में बॉस लेडी के रूप में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती नजर आएंगी. भारत की सबसे लोकप्रिय एडवेंचर रियलिटी टेलीविजन शो एमटीवी रोडीज के फ्रेंचाइजी में इस बार के 19 सीजन में 'कर्म या कांड' की रोमांचक थीम दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है. इस सीजन को होस्ट अभिनेता सोनू सूद करने वाले है और शो 3 गैंग लीडर है. जिसमें अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, प्रिंस नरुका, गौतम गुलाटी शामिल हैं.कई भाषाओं में फिल्मों में अपनी पहचान बनाने वाली इस अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती का ब्रांड के साथ पुराना नाता है. एमटीवी के रियलिटी टेलीविजन शो, टीवीएस स्कूटी टीन डीवा के साथ अपने मनोरंजन की शुरुआत कर रही है. उन्होंने एक लोकप्रिय होस्ट और कई यूथ शो में वीजे के रूप में एक मजबूत करियर बनाया और अंतत: सिल्वर स्क्रीन पर एक सफल शुरुआत की.नए सीज़न 19 का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए, गैंग लीडर रिया चक्रवर्ती ने साझा किया कि 'मैं एमटीवी रोडीज़ कर्म या कांड का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, यह बहुत पॉपुलर रियलिटी शो है. एमटीवी के साथ काम करना घर वापसी जैसा लगता है. मैं सोनू सूद और अपने साथी गैंग लीडर्स के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि मुझे इस रोमांचक यात्रा के दौरान अपने दृढ़ और निडर पक्ष का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा. मुझे इस अविश्वसनीय नए साहसिक कार्य के लिए प्रशंसकों से प्यार और समर्थन मिलने की उम्मीद है.'

**रिया की वापसी से खुश है एमटीवी**

इसे जोड़ते हुए, देबोराह पॉलीकार्प, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और हेड ङ्क कंटेंट ओरिजिनल्स, एमटीवी ने टिप्पणी की, ५एमटीवी रोडीज़ हाई-ऑक्टेन एडवेंचर, यात्रा और नाटक के अपने अग्रणी मिश्रण के लिए जाना जाता है. शो युवा मनोरंजन में एक सांस्कृतिक आधार बन गया है. नए सीज़न के लिए, रिया शो के साथ जुड़ना हमारे लिए खुशी की बात है.इन्होंने हमारे साथ इस इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू किया. हमें यकीन है कि दर्शक और प्रशंसक असली रिया को एक गैंग लीडर के रूप में दृढ़ और निडर अवतार में देखना पसंद करेंगे. नए सीज़न के लिए मल्टी-सिटी ऑडिशन शुरू होने जा रहे है. प्रशंसक केवल एमटीवी रोडीज़ कर्म या कांड की एकमात्र महिला गैंग लीडर के रूप में रिया को अपने साहसी और उत्साही पक्ष को देखने के लिए सांस रोककर इंतजार कर सकते हैं.

## क्या क्वीन को मिल गया है किंग? कंगना रनौत के लेटेस्ट पोस्ट ने मचाई हलचल, फैंस ने पूछा- कौन है वो..?



अक्सर अपने पंगों को लेकर चर्चा में रहने वाली कंगना रनौत अब अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं. वैसे तो कंगना (Kangana Ranaut Latest Post) पहले भी कई बार अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं, लेकिन लंबे समय से उनका नाम किसी एक्टर के साथ नहीं जुड़ा है. अक्सर कंगना को लेकर सवाल होते रहते हैं कि उनका मिस्टर परफेक्ट कौन है और वह कब शादी कर रही हैं? लेकिन, अभिनेत्री ने कभी इन सवालों का सीधा-सीधा कोई जवाब नहीं दिया. लेकिन , अब कंगना रनौत के लेटेस्ट पोस्ट से लगता है कि पंगा क्वीन को अब प्यार हो गया है. जी हां, एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में तो कुछ ऐसा ही लिखा है.कंगना रनौत का लेटेस्ट पोस्ट देखने के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि कंगना किसी के प्यार में पड़ गई हैं. कंगना ने अपने पोस्ट में कुछ ऐसा लिखा है, जिसे देखने के बाद यूजर्स को लकर रहा है कि एक्ट्रेस प्यार में हैं. दरअसल, कंगना ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उन्हें क्लोज अप शॉट्स में देखा जा सकता है. कंगना इन तस्वीरों में बहुत ही अच्छे मूड में नजर आ रही हैं और मुस्कुराते हुए पोज दे रही हैं.अपनी प्यारी सी तस्वीरें शेयर करते हुए कंगना रनौत ने बड़ा ही प्यारा और शायराना सा कैप्शन में लिखा है. उन्होंने लिखा- 'इश्क़ वो आतिश है ग़ालिब जो लगाने से लगती नहीं और बुझाने से बुझती नहीं.' इसी के साथ उन्होंने रेड हार्ट इमोजी भी पोस्ट किए हैं. कंगना का यह पोस्ट देखकर ही फैंस को लग रहा है कि एक्ट्रेस प्यार में हैं. एक्ट्रेस के पोस्ट पर कमेंट भी कुछ इसी तरह के आ रहे हैं. एक यूजर ने कंगना के पोस्ट पर उन्हीं के अंदाज में कमेंट किया और लिखा- 'कौन है जो सपनों में आया, कौन है जो दिल में समायाज्आज खोल दीजिए सारे राज. 'एक अन्य यूजर ने लिखा- लगता है क्वीन को प्यार हो गया है. बता दें, एक्ट्रेस ने 2017 में अपने सपनों के राजकुमार के बारे में बात की थी. अभिनेत्री ने कहा था कि उन्हें वर्दी वाले लड़के बहुत आकर्षित करते हैं और वे उन्हें ईमानदार लगते हैं.



# शेफाली शाह

## को जब भरी भीड़ में गलत तरीके से लगाया गया हाथ, छेड़खानी पर छलका दिल्ली क्राइम एक्ट्रेस का दर्द

वेब सीरीज दिल्ली क्राइम में अपनी धाकड़ एक्टिंग के लिए सुर्खियां बटोरने वाली शेफाली शाह ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। अभिनेत्री ने खुद के साथ हुई छेड़खानी का एक घिनौना अनुभव शेयर किया है।

**शर्मिंदा हुई शेफाली**

शेफाली शाह ने अपने एक हालिया इंटरव्यू में छेड़खानी के इस बुरे अनुभव के बारे में बताया। अभिनेत्री ने कहा कि उनके साथ भीड़ भरे बाजार के बीच बदतमीजी की गई। इस पूरी घटना से शेफाली इतनी शर्मिंदा थीं कि उन्होंने इस बारे में किसी से बात तक नहीं कर पाईं।

**किरदार ने याद दिलाई घटना**



शेफाली शाह हाल ही में न्यूज एजेंसी एएनआई के पॉडकास्ट का हिस्सा बनी। यहां उन्होंने मीरा नायर की फिल्म मानसून वेडिंग में अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की। इस फिल्म में उन्होंने रिया वर्मा नाम की लड़की का किरदार निभाया था, जो बचपन में यौन शोषण का शिकार होती है।

**भीड़ से भरे बाजार में हुई छेड़खानी**

मानसून वेडिंग में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए शेफाली शाह ने खुद के साथ रियल लाइफ में हुई छेड़खानी की घटना के बारे में भी बताया। एक्ट्रेस ने कहा, जैसा कि मैंने पहले ही कहा था कि हर कोई इससे गुजर चुका है। मुझे याद है कि मैं एक भीड़भाड़ वाले मार्केट में जा रही थी और किसी ने मुझे गलत तरीके से छुआ और मुझे ये बेहद घिनौना लगा। मैंने इस बारे में कभी किसी से बात नहीं की। ऐसा नहीं थी कि मैं गिल्टी महसूस कर रही थी, बल्कि मुझे बेहद शर्म आ रही थी।

**अंदर ही अंदर तड़पती रहीं शेफाली**

शेफाली से आगे जब पूछा गया कि क्या उन्होंने इस बारे में कुछ किया तो उन्होंने कहा, हां, मैं सहमत हूं आपसे, बहुत-से लोगों को लगता है कि क्या मैंने कुछ किया। आपको पछतावा होता है और शर्म आती है, आपको लगता है कि भूल जाओ सब। इस बात को कहीं अंदर ही दबा दो बस। सच कहूं तो मैंने इस बात को इतनी तवज्जो नहीं दी कि इस पर बात की जाए। ये बस कुछ ऐसा था कि ये मेरे अंदर एक पूरी फिल्म की तरह आकर समा गया।

## गुजरात के लोगों के बैंक डिपॉजिट एक साल में बढ़े 93841 करोड़

**अहमदाबाद(कर्णावती)।** कोरोना महामारी के दौरान देश की आर्थिक व्यवस्था पर गंभीर असर होने के बाद अब इससे उबरने के साथ ही आर्थिक जगत के लिए अच्छे समाचार आने लगे हैं। खासकर गुजरात राज्य में अर्थ व्यवस्था की मजबूती और पुराने हालात को पीछे छोड़ने की खबर है। गुजरात के सभी बैंकों से मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले एक साल में जहां राज्य के क्रेडिट रेशियों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, वहीं बैंक डिपाजिट में भी उछाल देखा गया। दिसंबर 2021 में गुजरात के बैंकों में कुल 9,30423 करोड़ रुपये जमा थे। वहीं गत साल दिसंबर–2022 में यह राशि बढ़कर 10 लाख, 24 हजार, 264 करोड़ रुपये हो गई। यानी एक वर्ष में गुजरात के लोगों ने राज्य के विभिन्न बैंकों में 93841 करोड़ रुपये अधिक जमा किए। यह अतिरिक्त राशि करीब 10 फीसदी है।

यह आंकड़ा बताता है कि गुजरात के लोगों की आवक इस दौरान खर्च से अधिक रही, जिससे लोगों ने बचत के रुपए जमा कराए। यह राज्य की आर्थिक स्थिति के सुदृढ़ होने का भी संकेत माना जा रहा है। दिसंबर 2021 में गुजरात के बैंकों ने कारोबार-रोजगार, योजनाओं समेत विभिन्न कारणों से राज्य के लोगों को 722922 करोड़ रुपये का लोन (एडवांस) दिए। जबकि दिसंबर, 2022 में इन बैंकों ने गुजरात के लोगों को 814532 करोड़ रुपये के लोन दिए। इसका अर्थ हुआ कि एक वर्ष के दौरान गुजरात के लोगों ने 91590 करोड़ रुपये अधिक लोन प्राप्त किया। जो कि करीब 13 फीसदी है। इसी तरह दिसंबर 2021 से दिसंबर 2022 तक एक वर्ष के दौरान एक ओर गुजरात के लोगों ने बैंकों में 1024264 करोड़ रुपये जमा कराए, वहीं दूसरी ओर कारोबार-रोजगार समेत अन्य कारणों से 814532 करोड़ रुपये का लोन भी लिया। यानी डिपोजिट में करीब 10 फीसदी के वृद्धि के सामने क्रेडिट (लोन एडवांस) में 12.67 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इससे साफ होता है कि दिसंबर 2021 में गुजरात के बैंकों का क्रेडिट डिपोजिट रेशियो 77.70 फीसदी था। वहीं दिसंबर 2022 में यह बैंक क्रेडिट रेशियो 79.52 फीसदी हो गया। इसका आशय हुआ कि इस दौरान गुजरात के लोगों की ओर से की गई बैंक डिपोजिट के सामने विभिन्न कारणों से 79.52 फीसदी क्रेडिट (लोन एडवांस) भी लिए।

## राहुल गांधी ने पूछा था-20 हजार करोड़ किसके:जवाब में अडाणी ग्रुप ने 4 साल का ब्यौरा दिया, कहा- हिस्सेदारी बेचकर जुटाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक ट्वीट में अडाणी मुद्दे पर सवाल उठाए थे। ट्वीट में लिखा था- सच्चाई छिपाते हैं, इसलिए रोज भटकाते हैं। अडाणी की कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपए बेनामी पैसे किसके हैं? राहुल ने कांग्रेस के पूर्व 5 नेताओं का नाम भी अडाणी से जोड़ा था। अडाणी ग्रुप ने सोमवार को राहुल गांधी के इन्हीं आरोपों का जवाब दिया। बयान जारी करते हुए ग्रुप ने कहा- साल 2019 से अब तक ग्रुप की कंपनियों ने अपनी हिस्सेदारी बेचकर 2.87 बिलियन डॉलर (23,525 करोड़ रु.) जुटाए, जिनमें से 2.55 बिलियन डॉलर (20,902 करोड़ रु.) फिर से बिजनेस में लगाया गया। अबु धाबी स्थित ग्लोबल स्ट्रैटेजिक इनवेस्टमेंट कंपनी, इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी पीजेएससी ने ग्रुप की कंपनियों में 2.593 बिलियन डॉलर (21,255 करोड़ रु.) का निवेश किया। यह इन्वेस्ट अडाणी इंटरप्राइजेस लिमिटेड और अडाणी एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) में किया गया। इन्वेस्टर्स ने अडाणी टोटल गैस लिमिटेद और एजीईएल में हिस्सेदारी बेचकर 2.783 अरब डॉलर (करीब 22812 करोड़ रुपए) जुटाए। इस पैसे को दोबारा अडाणी ग्रुप की कंपनियों में इन्वेस्ट किया गया।अडाणी ग्रुप पर लंदन मीडिया के फाइनेंशियल टाइम्स ने एक खबर पब्लिश की थी। जिसमें बताया गया था कि अडाणी ग्रुप को जो FDI (फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट) मिले हैं, उनमें से ज्यादातर गौतम अडाणी के परिवार से जुड़ी विदेशी कंपनियों से आए हैं।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद जारी हंगामे को दरकिनार कर एलआईसी का बड़ा फैसला, बढ़ाई हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** जनवरी महीने में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के सार्वजनिक होने और उसके बाद शुरू हुए हंगामे के बावजूद देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी का भरोसा अदाणी समूह के शेयरों पर बना हुआ है। अदाणी समूह पर लग रहे तमाम आरोपों के बावजूद सरकार के स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी ने मार्च तिमाही में अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ायी है। शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों का भाव लगभग आधा होने के बावजूद एलआईसी ने अदाणी समूह की इस कंपनी में 3,57,500 शेयरों की खरीदारी की है। अदाणी एंटरप्राइजेज में सरकारी बीमा कंपनी की हिस्सेदारी बढ़कर 4.26फीसदी हो गई है। दिसंबर महमीने में यह 4.23फीसदी थी। एलआईसी ने इस दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज के अलावे अदाणी ट्रांसमिशन, अदाणी ग्रीन और अदाणी टोटल गैस के शेयरों में भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है।

# बैंकिंग आईटी सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर केंद्रीय बैंक का निर्देश, ग्राहकों के प्रति जिम्मेदारियों पर जोर

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों व अन्य विनियमित वित्तीय इकाइयों में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं की आउटसोर्सिंग के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए।

केंद्रीय बैंक ने जारी निर्देश में कहा, इन वित्तीय इकाइयों को सुनिश्चित करना होगा कि आईटी सेवाओं के परिचालन का जिम्मा किसी बाहरी एजेंसी को दिए जाने से उनके दायित्वों एवं ग्राहकों के प्रति जिम्मेदारियों में कोई कमी न आने पाए। साथ ही उन पर केंद्रीय बैंक की प्रभावी निगरानी बने रहे।?हालांकि, आरबीआई ने वित्तीय संस्थानों को इन निर्देशों के पालन के लिए पर्याप्त समय देते हुए कहा कि ये मानक एक अक्तूबर, 2023 से लागू होंगे।

**सेवा प्रदाता कंपनी को भी करना होगा पालन**

केंद्रीय बैंक ने कहा, बैंक यह सुनिश्चित करें कि आउटसोर्सिंग पर काम कर रही कंपनी भी सेवाओं के संबंध में उसी ऊंचे मानक का पालन करे, जिस पर



वह खुद चलता। इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि सेवा प्रदाता कंपनी देश के भीतर है या बाहर।

**कंपनियों के शेयर बेचकर जुटाए 20,000 करोड़ : अदाणी समूह**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 20,000 करोड़ रुपये (2.87 अरब डॉलर) वाले सवाल पर अदाणी समूह ने पहली बार जवाब दिया है। समूह ने कहा कि यह रकम उसने 2019 से अपनी विभिन्न कंपनियों में शेयरों की बिक्री कर जुटाई है। राहुल गांधी ने बार-बार यह आरोप लगाया है कि यह सभी रकम मुखौटा कंपनियों के हैं और उन्होंने निवेश किया है। समूह ने कहा कि आजकल भ्रामक धारणाओं को खेदजनक तरीके से राजनीतिक मुद्दा बना दिया गया है। समूह ने कहा, उपरोक्त रकम में से 2.55 अरब डॉलर कारोबार के विस्तार में लगाए गए हैं।

**नौ साल में 300 गुना हुए स्टार्टअप्स -जितेंद्र सिंह**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय नवाचार पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत में स्टार्टअप की संख्या 300 गुना बढ़ी है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय नवाचार पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले लगभग 350 स्टार्टअप थे। 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ इनकी संख्या 90,000 से अधिक हो गई। निजी सेक्टर के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलने से तीन वर्षों के भीतर 100 से अधिक स्टार्टअप सामने आए। इसी तरह, बायोटेक स्टार्टअप लगभग 50 से बढ़कर लगभग 6,000 हो गए।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव हीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.46 डॉलर यानी 0.55 फीसदी उछलकर 84.64 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.49 डॉलर यानी 0.61 फीसदी की बढ़त के साथ 80.23 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# भारत का 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुंचना लक्ष्य : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले दो साल में भारत का निर्यात 500 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 765 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है।

2030 तक हमें 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुंचना है। गोयल ने यह बात पेरिस में आयोजित भारत-फ्रांस व्यापार शिखर सम्मेलन से इतर प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि फ्रांस के साथ भारत की सामरिक भागीदारी के 25 साल पूरे हो रहे हैं। अगले 25-50 वर्षों में ये रिश्ता बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। गोयल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी की लोकप्रियता की वजह से होगा। उल्लेखनीय है कि भारत-फ्रांस मैत्री के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 11 अप्रैल को पेरिस में भारत-फ्रांस व्यापार शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। पीयूष गोयल फ्रांस और इटली के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। वाणिज्य मंत्री के साथ भारत के शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का एक प्रतिनिधिमंडल भी है।

# केंद्र का राज्यों को उपभोक्ता उत्पादों पर बीआईएस प्रमाणन लागू करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को उपभोक्ता उत्पादों पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणीकरण लागू करने का निर्देश दिया है। सरकार ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर देने के साथ ही उपभोक्ता अदालतों में लंबित मामलों को कम करने की बात भी कही है। उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने राज्य सरकारों से उपभोक्ता सुरक्षा के लिए आवश्यक उत्पादों पर बीआईएस प्रमाणीकरण लागू किए जाने को सुनिश्चित करने को कहा




है।सिंह ने चंडीगढ़ में 'उत्तरी राज्यों में उपभोक्ता संरक्षण' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपभोक्ता सुरक्षा के लिए आवश्यक उत्पादों पर बीआईएस प्रमाणन लागू हो। इसके साथ उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण परिवेश को मजबूत करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका, उपभोक्ता आयोगों में बुनियादी ढांचे के विकास और मानव संसाधनों के महत्व पर भी जोर दिया।

# डीजीसीए ने विमानों में उदंड यात्रियों से निपटने के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस कपनियों को एक परामर्श जारी कर उड़ाने के दौरान हंगामा करने वाले अशिष्ट यात्रियों से निपटने के लिए मौजूदा प्रावधानों को दोहराया है। डीजीसीए ने विमानों में यात्रियों की ओर से की जाने वाली अभद्रता से संबंधित घटनाओं के मद्देनजर दोबारा यह एडवाइजरी जारी की है।

नागर विमानन महानिदेशालय ने सोमवार को जारी परामर्श में कहा कि अशिष्ट यात्रियों से निपटने के लिए एयरलाइन कंपनियों के द्वारा उठाए जाने वाले कदम के लिए नागरिक उड्डयन आवश्यकता (सीएआर) के तहत प्रावधान हैं। डीजीसीए ने अपने एडवाइजरी में कहा है कि पायलट, चालक दल के सदस्यों और इन-फ्लाइट सेवा के निदेशक की जिम्मेदारियां भी सीएआर में उल्लेखित हैं।दरअसल, हाल के दिनों में विमान में उड़ान के दौरान यात्रियों की दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ी हैं। इसी कड़ी में एक और घटना उस वक्त जुड़ गई, जब दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की एक उड़ान में चालक दल के दो सदस्यों को शारीरिक चोट पहुंचाने के आरोप में एक पुरुष यात्री को विमान से उतारना पड़ा इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में डीजीसीए का यह परामर्श जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने दिल्ली-लंदन उड़ान के चालक दल के सदस्यों को शारीरिक चोट पहुंचाने के आरोप में एक अशिष्ट व्यक्ति को सुबह विमान से उतार दिया गया। यात्री को विमान से उतारने के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-111 को उड़ान भरने के तुरंत बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लौटकर लैंडिंग करनी पड़ी।

## टचलेस बायोमेट्रिक कैप्चर सिस्टम विकसित करने के लिए यूआईडीएआई - आईआईटी बॉम्बे ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे (आईआईटी-बॉम्बे) के साथ हाथ मिलाया है, ताकि लोगों द्वारा कभी भी, कहीं भी आसान उपयोग के लिए एक मजबूत टचलेस बायोमेट्रिक कैप्चर सिस्टम विकसित किया जा सके।

समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में, यूआईडीएआई और आईआईटी, बॉम्बे कैप्चर सिस्टम से जुड़े लाइवनेस मॉडल के साथ फिंगरप्रिंट के लिए एक मोबाइल कैप्चर सिस्टम बनाने के लिए संयुक्त रूप से अनुसंधान करेंगे।

टचलेस बायोमेट्रिक कैप्चर सिस्टम एक बार विकसित और चालू होने के बाद घर से चेहरे के प्रमाणीकरण की सुविधा के साथ साथ फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण की सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगी। उम्मीद की जाती है कि नई प्रणाली एक बार में उंगलियों के कई निशान लेगी और प्रमाणीकरण की सफलता दर में और सहायता करेगी। एक बार नई प्रणाली लागू हो जाने के बाद आधार इकोसिस्टम में उपलब्ध मौजूदा सुविधाओं में वृद्धि होगी।

# 'जलवायु परिवर्तन का कोष उपलब्ध ही नहीं कराया', सीतारमण ने पश्चिमी देशों की ऐसे की खिंचाई

**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जलवायु परिवर्तन जुड़ें कार्यो का उद्देश्यों हासिल करने के लिए धन उपलब्ध नहीं कराने के मसले पर पश्चिम देशों की खिंचाई की है। उन्होंने कहा कि भारत अपने पैसे से ही जलवायु परिवर्तन प्रति की अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत बेहद महत्वाकांक्षी तरीके से राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा है।

**हम जलवायु परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को स्वयं के पैसे से पूरा कर रहे: सीतारमण**

सीतारमण ने कहा, हमने सीओपी21 और फिर सीओपी26 में जो प्रतिबद्धताएं तय कीं उन पर तय मापदंडों के तहत काम कर रहे हैं, जिन पर यूएनएफसीसीसी (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन) में सभी सहमत हुए थे। इसलिए हम राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। मुझे यह बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि भारत ने पेरिस में की गई अपनी सीओपी21 प्रतिबद्धताओं को बड़े पैमाने पर अपने स्वयं के पैसों से ही पूरा किया है।''

**वित्त मंत्री का आरोप-वादा करने के बावजूद कोष का नहीं किया गया वितरण**

उन्होंने कहा, 'कोष (जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए) है, लेकिन उपलब्ध नहीं है। वादा किया गया, लेकिन इसका वितरण नहीं किया गया। हम जिस एक अरब की बात करते आए हैं, उस पर कुछ नहीं हुआ। यह कुछ ऐसा हो सकता है जिसके बारे में कई देश बोलना चाहेंगे और मैं इसे अपनी सूची में रखूंगी।' वित्त मंत्री सीतारमण ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मौजूदा समय में चिंता प्रति व्यक्ति उत्सर्जन क्या है



इस बात की है। इसके बारे में में बात की जा रही है, यह वास्तव में कुछ देशों को नुकसान पहुंचा रहा है।

**भारत का ध्यान अब लोगों को कुशल बनाने, डिजिटलीकरण पर है: सीतारमण**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने वाशिंगटन दौरे पर कहा कि देश के सारे लोगों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के अपने लक्ष्य को भारत ने लगभग हासिल कर लिया है और अब ध्यान उन्हें कुशल बनाने और डिजिटलीकरण पर है। ऐसा होने से लोगों के जीवनयापन में सुगमता और पारदर्शिता आएगी।

सीतारमण ने अमेरिका के विचार समूह 'पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स' में कहा कि सरकार गरीब लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराकर सशक्त बनाना चाहती है। उन्होंने कहा, 'बुनियादी सुविधाएं देने के लिहाज से हमने अपने लक्ष्य को लगभग प्राप्त कर लिया है।÷

**भारत सरकार देश के गरीबों को सुविधाओं से लैस करना चाहती है: वित्त मंत्री**

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार देश के गरीबों को सुविधाओं से लैस करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि उन्हें रहने के लिए पक्के घर दिए जाएं, पाइप के जरिए पेयजल उन तक पहुंचे, बिजली हो, अच्छी सड़कें हो...सिर्फ गांव तक ही नहीं बल्कि गांवों की गलियों तक भी अच्छी सड़कें हों जो नजदीकी राजमार्ग से जोड़ी जा सकें, अच्छी परिवहन सुविधा तक लोगों की पहुंच हो, वित्तीय समावेशन हो जिससे घर के प्रत्येक सदस्य का बैंक में खाता खुले और उन्हें हर लाभ सीधे उनके खाते में मिल सके।'' उन्होंने कहा, 'इस लिहाज से हम परिपूर्णता की ओर बढ़ रहे हैं।'

**भारत में सरकार का ध्यान अब लोगों को कुशल बनाने पर: निर्मला सीतारमण**

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारा ध्यान अब लोगों को कुशल बनाने पर है। उन्होंने कहा, ''अब हम लोगों को कुशल बनाने के प्रयास कर रहे हैं। देशभर में अब कौशल केंद्र हैं। कौशल का स्तर हर व्यक्ति के लिए अलग होता है। इससे व्यापारों और निजी क्षेत्र के उद्यमियों को भी जोड़ा जा रहा है ताकि जो लोग प्रशिक्षण पा रहे हैं और व्यवसाय जिस तरह के प्रशिक्षित लोग चाहते हैं उनके बीच संपर्क बन सके।'' सीतारमण ने कहा कि भारत का डिजिटलीकरण का कार्यक्रम भी तेजी से चल रहा है, इसके दायरे में स्वास्थ्य, शिक्षा और वित्तीय लेनदेन आ गए हैं। अब हम अन्य क्षेत्रों का भी डिजिटलीकरण करना चाहते हैं जिससे जीवनयापन में आसानी हो और अर्थव्यवस्था में और अधिक पारदर्शिता आए।

## बुंदेलखंड क्षेत्र का पहला एचआर शिखर सम्मेलन 13 अप्रैल को

**ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा होगा आयोजित, छात्रों के लिए रहेंगे विशेष अवसर**

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 12 एवं 13 अप्रैल को दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन गांधी सभागार में 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक एवं ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सह-समन्वयक डॉ संदीप अग्रवाल ने बताया कि छात्रों के हित में कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे के नेतृत्व में कई कौशल आधारित कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। साथ ही रोजगार दिलाने में विश्वविद्यालय लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में बुंदेलखंड क्षेत्र का पहला एचआर सम्मिट/ शिखर सम्मेलन 12 व 13 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है।

*इन सेशन में डिपार्टमेंटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से एचआर एवं छात्रों को डिपार्टमेंट के मिशन विजन एवं कोर्सों के बारे में डिपार्टमेंट हेड बताएंगे तथा एचआर और स्टूडेंट इंटरेक्शन होगा।*

यह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन मल्टी अप्रोचिंग रहेगा जिसमें भारत एवं विश्व स्तर की प्रमुख कंपनियां जैसे कि एचसीएलटेक,जेबीएम ग्रुप, बिल्केर, ओलम, पाई इन्फोकॉम जैसी कंपनियों के वाइस प्रेसिडेंट, एचआर हेड आदि सम्मिलित एवं उपस्थित रहेंगे। यह एचआर सम्मिट एक मल्टी अप्रोच सम्मेलन है जिसमें दोनों दिन टेक्निकल एवं नॉनटेक्निकल सेशन का आयोजन किया जाएगा। इन सेशन में डिपार्टमेंटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से एचआर एवं छात्रों को डिपार्टमेंट के मिशन विजन एवं कोर्सों के बारे में डिपार्टमेंट हेड बताएंगे तथा एचआर और स्टूडेंट इंटरेक्शन होगा। तथा जेबीएम ग्रुप एवं पाई इन्फोकॉम द्वारा रोजगार ड्राइव चलाई जायेंगी। जिसमें इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के छात्रों का विभिन्न पोस्टों पर पैनइंडिया के लिए चयन किया जाएगा।

# दो सप्ताह में छह फीसदी बढ़ गई चीनी की कीमत, गन्ना किसानों को समय पर भुगतान में मिलेगी मदद

**वाशिंगटन।** गन्ने का उत्पादन कम होने से पिछले दो हफ्ते में चीनी के दाम छह फीसदी तक बढ़ गए हैं। थोक ग्राहकों की लगातार मांग से आगे भी इनकी कीमतों में और तेजी का अनुमान है। इससे गन्ना किसानों को समय पर भुगतान करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी की कीमतों में तेजी से इस क्षेत्र की कंपनियों का लाभ सुधर सकता है।? इनमें धामपुर, रेणुका सुगर, बलरामपुर चीनी, डालमिया भारत और द्वारिकेश जैसी कंपनियां हैं। इससे ये कंपनियां समय पर किसानों का बकाया भुगतान कर सकेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र के चीनी उत्पादन अनुमान में कटौती की गई है। 30 सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष 2022-23 में यह राज्य 1.05 करोड़ टन चीनी उत्पादन कर सकता है। पहले अनुमान 1.37 करोड़ टन का था।

**इन वजहों से बढ़ेगी मांग**

गर्मी के मौसम में कोल्डड्रिंक और आइसक्रीम की मांग बढ़ जाती है। इससे चीनी की ज्यादा खपत होती है।

अधिक खपत के कारण?अगले महीने से चीनी की मांग बढ़ेगी तो इसकी कीमतों में भी तेजी आएगी। इसके अलावा, शादियों के सीजन के दौरान भी चीनी की खपत आमतौर पर ज्यादा होती है। ट्रेडर्स और मिल मालिकों ने सरकार से अपील की है कि अरहर दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाया जाए, ताकि किसान इसका ज्यादा-से-ज्यादा उत्पादन कर सकें। इस साल अरहर दाल के उत्पादन में गिरावट आई है।

## ड्रोन्स के जरिए अवैध हथियारों की सप्लाई की चुनौती का सामना कर रहा भारत, बैठक में भारत ने PAK को घेरा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान पर बिना नाम लिए जमकर हमला बोला। यूएन में अवैध हथियारों और सैन्य उपकरणों के लेनदेन की रोकथाम को लेकर जारी बहस में उन्होंने सीधे तौर पर पाकिस्तान को घेर लिया। कंबोज ने कहा कि भारत बॉर्डर पार से ड्रोन्स के जरिए हथियारों की अवैध सप्लाई की चुनौती का सामना कर रहा है।




यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, 'कुछ देश, जो अवैध हथियारों के अप्रसार की साथ लिए हुए हैं और आतंकवादियों के साथ गठबंधन किए हैं, उन्हें इन गलत हरकतों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।' कंबोज ने कहा कि हथियारों और सैन्य उपकरणों का अवैध तौर पर निर्यात अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है, जिससे भू-राजनीतिक तनाव भी पनप सकता है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## पाकिस्तानी अखबारों सेः इलेक्शन फंड जारी करने पर रस्साकशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से सोमवार को प्रकाशित अधिकांश समाचार पत्रों ने इलेक्शन फंड के मामले पर जारी रस्साकशी की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की हैं। प्रधानमंत्री शहबाज के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक दो घंटे की माथ-पच्ची के साथ खत्म हुई। बैठक में वित्त मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वह विधि मंत्रालय की सलाह से इलेक्शन कमीशन को फंड उपलब्ध कराने के मामले पर पार्लियामेंट से मार्ग-दर्शन हासिल करने के लिए योजना तैयार करे और आज काबीना में पेश करे। गौरतलब है कि इलेक्शन के लिए 21 अरब डॉलर के फंड्स जारी नहीं हो सके, डेड-लाइन का आज अंतिम दिन है।

काबीना की बैठक में इलेक्शन शेड्यूल पर भी मंथन हुई। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का 4-3 का फैसला 3-2 से कैसे मान लें। पार्लियामेंट से पारित बिल वापस भिजवाना दुखद है। राष्ट्रपति को कानून की रक्षा करनी चाहिए। बैठक में संसद की सर्वोच्चता बहाल रखने पर बल दिया गया। संसद की संयुक्त बैठक और मंत्रिमंडल की बैठक भी आज फिर से बुलाई गई है। अखबारों ने सुप्रीम कोर्ट के जजों में व्याप्त असहमति को खत्म करने के लिए चीफ जस्टिस उमर अता बिंदयाल के जरिए बातचीत का सिलसिला शुरू किए जाने की खबरें दी हैं। चीफ जस्टिस अपने साथी जजों के साथ अलग-अलग मुलाकातें कर रहे हैं। अखबारों ने अमेरिकी कांग्रेस के रिपब्लिकन सदस्य के जरिए पाकिस्तान पर लोकतंत्र की स्वतंत्रता के लिए दबाव डाले जाने की खबरें भी दी हैं।

तोशाखाना केस में इमरान खान के आज अदालत में पेश होने की खबरें भी समाचार पत्रों में छपी हैं। अखबारों ने गृह मंत्री राना सनाउल्लाह का एक बयान छापा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जनता ने दोबारा धोखा खाया तो लंबी सजा मिलेगी। झूठे इमरान खान को थोपा गया। इमरान खान ने आईएमएफ के साथ कड़ी शर्तों पर समझौता किया। 4 साल में एक सड़क भी नहीं बनाई। अखबारों ने चीनी के भंडार करने वालों के खिलाफ क्रैकडाउन की खबरें देते हुए बताया कि अफगानिस्तान तस्करी की भी जांच की जा रही है।

## तिब्बत दुनिया का सबसे कम आजाद देश, हर हरकत पर चीन का पहरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस की वर्ल्ड फ्रीडम इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत दुनिया का सबसे कम आजाद मुल्क है। यहां के नागरिकों पर चीनी सुरक्षाबलों का सख्त पहरा है। बीते माह नौ मार्च को जारी हुई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तिब्बत इस सूची में लगातार तीसरे वर्ष दक्षिणी सूडान और सीरिया के साथ सबसे निचले पायदान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत में रहने वाले लोगों को बुनियादी मानवाधिकार भी नहीं मिले हुए हैं। इससे पहले छह मार्च को संयुक्त राष्ट की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति ने तीसरी आवधिक समीक्षा रिपोर्ट में तिब्बत में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मुद्दा उठाया था। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) तिब्बत के पूर्ण चीनीकरण के लिए यहां बलपूर्वक बौद्ध धर्म और संस्कृति को नष्ट कर रही है। बच्चों को बौद्ध शिक्षाओं से पूरी तरह वंचित कर दिया गया है। इसके अलावा स्कूली शिक्षा के जरिये बच्चों में बौद्ध धर्म व संस्कृति के खिलाफ नफरत पैदा की जा रही है।

## रूस में फटा ज्वालामुखी, दस किलोमीटर ऊंचाई तक नजर आया राख का गुबार

**मॉस्को।** रूस के कामचाटका प्रायद्वीप में शिवलुच ज्वालामुखी फट गया है। ज्वालामुखी फटने से दस किलोमीटर ऊंचाई तक राख का गुबार नजर आया। इसे हवाई यातायात के लिए खतरा बताकर चेतावनी जारी की गई है।

ज्वालामुखी फटने के बाद कामचाटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया टीम सक्रिय हो गई है। टीम ने उड्डयन विभाग को चेतावनी जारी की है। अंदेशा जताया गया है कि इस ज्वालामुखी में अभी 15 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्फोट कभी भी हो सकता है। इससे कम ऊंचाई पर उड़ान वाली विमान सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां भी प्रभावित हो सकती हैं।

पूरे क्षेत्र में एहतियात के उपाय शुरू हो गए हैं। आसपास के स्कूलों को बंद करा दिया गया है। लोगों को अपने घरों में रहने के



आदेश दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि ज्वालामुखी फटने के बाद धुआं 70 किलोमीटर दूर क्लाईची और कोजीरेवस्क के क्षेत्रों तक फैल गया है। इसलिए लोगों को अनावश्यक यात्रा करने से बचने को कहा गया है।

दरअसल धरती पर कई ज्वालामुखी मौजद हैं। इनकी गिनती भी नहीं की जा सकती है। इनमें से शिवलुच ज्वालामुखी 10,771 फीट ऊंचा है। यह कामचाटका प्रायद्वीप का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है। पिछले 10 हजार साल में 60 बार भयानक विस्फोट कर चुका है। अब तक का सबसे बड़ा विस्फोट साल 2007 में हुआ था।

## महिलाओं पर और कड़ी पाबंदियां, अब गार्डन और हरी-भरी लोकेशन वाले रेस्तरां जाने पर रोक

**काबुल।** तालिबान औरतों पर एक के बाद एक कड़ी पाबंदियां लगा रहा है। जहां एक ओर महिलाएं अपने हक के लिए आवाज उठा रही हैं। वहीं दूसरी ओर, तालिबान उनकी स्वतंत्रता को छीन रहा है। ऐसे में उसने एक और फैसला सुनाया है कि अफगानिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हेरात प्रांत में परिवारों और महिलाओं का बगीचों या हरे-भरे स्थानों वाले रेस्तरां में जाना प्रतिबंधित रहेगा।

एक अधिकारी ने कहा कि तालिबान ने यह फैसला धार्मिक विद्वानों और लोगों की शिकायत के बाद लिया है। उनका कहना है ऐसी जगह पर पुरुषों और महिलाओं के साथ-साथ बैठने की शिकायत मिल रही थी।

**नई-नई पाबंदियां**

साल 2021 में सत्ता संभालने के बाद से ही तालिबान लड़कियों और महिलाओं पर लगातार पाबंदियां लगा रहा है। उसने पहले बच्चियों और महिलाओं की पढ़ाई पर नियम लागू किए। बाद में उनके संयुक्त



राष्ट्र में नौकरी करने सहित कई रोजगार पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अफगानिस्तान में महिलाओं का पार्क और जिम जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी जाना प्रतिबंधित है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं और पुरुषों के साथ-साथ बैठने और कथित तौर पर हिजाब सही ढंग से नहीं पहनने के कारण यह प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध केवल हेरात में महिलाओं के लिए लागू है, जबकि ऐसे परिसर पुरुषों के लिए खुले रहेंगे।

हेरात में सदाचार निदेशालय के एक उप अधिकारी बाज मोहम्मद नजीर ने मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया है, जिसमें यह कहा जा रहा है कि महिलाओं को सभी रेस्तरां में जाने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि यह प्रतिबंध सभी रेस्तरां पर नहीं लगाया गया है। यह केवल पार्क जैसे हरे क्षेत्रों वाले रेस्तरां पर लागू होता है, जहां पुरुष और महिलाएं मिल सकते हैं।

## अमेरिका में बोलीं भारतीय वित्तमंत्री, पाकिस्तान में सताए जा रहे अल्पसंख्यक

**वाशिंगटन।** भारत की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में अल्पसंख्यक लगातार प्रगति कर रहे हैं, मगर पाकिस्तान में सताए जा रहे हैं। अमेरिका के वाशिंगटन स्थित अमेरिकी थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स (पीआईआईई) के मंच पर संवाद करते हुए उन्होंने पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून के दुरुपयोग पर भी सवाल उठाए।

पीआईआईई के अध्यक्ष एडम पोसेन ने पश्चिमी मीडिया में भारत में अल्पसंख्यकों के हिंसा का शिकार होने जैसे मसले उठाए जाने पर सवाल पूछा तो निर्मला सीतारमण ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है और यह आबादी संख्या में अब भी बढ़ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह भारत के बारे में इस मायने में कहना सही होगा जब मुस्लिम आबादी 1947 की तुलना में बढ़ रही है? वहीं पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की हालत बद से बदतर होती जा रही है और उनकी संख्या दिन पर दिन घटती जा रही




है। यहां तक कि कुछ मुस्लिम वर्गों की संख्या भी पाकिस्तान में कम हुई है। उन्होंने कहा, वहीं भारत में हर वर्ग के मुस्लिम अपना व्यापार कर रहे हैं, उनके बच्चे शिक्षा पा रहे हैं और उन्हें फेलोशिप दी जा रही है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर मामूली आरोप लगाए जाते हैं, जिसके लिए मौत की सजा जैसी सजा दी जाती है। पाक में ईशनिंदा कानून का ज्यादातर मामलों में व्यक्तिगत प्रतिशोध को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है। पीड़ितों को तुरंत दोषी मान लिया जाता है, यहां तक कि उचित जांच और एक जूरी के तहत परीक्षण आयोजित किए बिना। भारत में निवेश या पूंजी प्रवाह को प्रभावित करने वाली धारणाओं पर उन्होंने कहा कि इसका उत्तर उन निवेशकों के पास है जो भारत आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल मुक्त व्यापार समझौते तेजी से हो रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ अभी समझौता किया है। इससे पहले भारत ने यूएई, मॉरिशस और आसियान देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौता किया था। साथ ही भारत कम विकसित देशों के साथ कोटा मुक्त और टैरिफ मुक्त व्यापार को भी बढ़ा रहा है। इसके अलावा भारत और इंग्लैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत हो रही है।

## प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती संबंधी विधेयक को पाकिस्तानी संसद की मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती संबंधी एक अहम विधेयक को संसद के संयुक्त सत्र में मंजूरी प्रदान कर दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कड़े विरोध के बीच इस विधेयक को मंजूरी मिली। इस विधेयक के प्रावधानों में मामलों का स्वतः संज्ञान लेने एवं पीठों के गठन के प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती शामिल हैं।

संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली ने एक ट्वीट में घोषणा की कि संसद ने अपने संयुक्त सत्र में उच्चतम न्यायालय (चलन एवं प्रकिया) विधेयक 2023 को पारित कर दिया। इससे दो दिन पहले राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित एक विधेयक को पुनर्विचार के लिए लौटा दिया था और कहा था कि प्रस्तावित कानून विधायी निकाय के अधिकार क्षेत्र से परे है। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने संसद की संयुक्त बैठक में विधेयक पेश किया। इस एक सांसद ने किया।

कानून मंत्री ने संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि



बैठक की अध्यक्षता नेशनल असेंबली के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने की।

इस बैठक में, सदन ने विधेयक में एक संशोधन को मंजूरी दे दी जिसके तहत स्वतः संज्ञान से जुड़े मामले के संबंध में नियमों को तैयार करने के लिए न्यायाधीशों की एक समिति की बैठक बुलाई जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार इस संशोधन का प्रस्ताव सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के स्वतः संज्ञान संबंधी प्रधान न्यायाधीश की शक्तियों के खिलाफ सर्वोच्च अदालत के भीतर से ही आवाज उठ रही थी। पाकिस्तानी संविधान के अनुसार, अगर राष्ट्रपति द्वारा लौटाए गए विधेयक को संसद द्वारा पारित कर दिया जाता है, तो इसे फिर राष्ट्रपति के पास भेजा जाना चाहिए। अगर विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं भी मिलती है तो यह दस दिनों के बाद कानून बन जाएगा।

## बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में चार लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक व्यस्त बाजार में पुलिस के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी।

जानकारी के अनुसार यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा के शहराह-ए-इकबाल क्षेत्र के कंधारी बाजार के पास खड़े पुलिस के एक वाहन के पास हुई। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन पूर्व में ऐसे हमलों के लिए बलूच विद्रोहियों और इस्लामी आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

पुलिस अधीक्षक हमीद कंबरानी ने कहा, पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया और बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि विस्फोट से इलाके में दुकानों के बाहर खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। एसएसपी (अभियान) कैप्टन (सेवानिवृत्त) ज़ोहैब मोहसिन ने कहा, विस्फोटक एक मोटरसाइकिल में लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि घायलों में कई पुलिस कर्मियों से घिरे पुलिस के एक क्षतिग्रस्त वाहन को दिखाया गया है। कई एंबुलेंस को भी विस्फोट स्थल से जाते हुए देखा गया। पाकिस्तान के

*पुलिस अधीक्षरक हमीद कंबरानी ने कहा, पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया और बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि विस्फोट से इलाके में दुकानों के बाहर खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।*

महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। मोहसिन ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए तुरंत सिविल अस्पताल क्वेटा ले जाया गया। सिविल डिफेंस के निदेशक रफू मंडोखैल ने बताया कि विस्फोट के लिए तीन से चार किलोग्राम विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल किया गया। विस्फोटक सामग्री एक मोटरसाइकिल में लगाई गई थी। टेलीविजन फुटेज प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बलूचिस्तान की राजधानी में हुए विस्फोट की निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ईद के त्योहार के कारण क्वेटा के सभी प्रमुख बाजारों और शॉपिंग मॉल में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी लेकिन इस मामले में निशाना पुलिस थी। शहर के कुचलिक इलाके में रविवार को सशस्त्र व्यक्तियों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और एक घायल हो गया था।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के उत्तरी आयरलैंड दौरे से पहले भड़की हिंसा, नकाबपोश ने पुलिस वाहनों पर किया हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की उत्तरी आयरलैंड के यात्रा से एक दिन पहले, लंदनडेरी में हिंसा भड़क उठी। दरअसल, कुछ नकाबपोश लोगों ने पुलिस की वाहन पर पेट्रोल बमों और अन्य वस्तुओं से हमला किया। यह हिंसा गुड फ्राइडे शांति समझौते का विरोध करने वाली परेड के दौरान हुआ।

लंदनडेरी में हुए हिंसा में चार आयरिश युवाओं को पुलिस वाहन पर पेट्रोल फेंकने के दौरान पकड़ लिया गया। जब तक युवक को पुलिस ने पकड़ा, तब तक वाहन के एक तरफ आग लग चुकी थी। इस आग की वजह से भीड़ तितर-बितर हो गई। पुलिस के जानकारी के अनुसार कोई भी घायल नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि बाइडन मंगलवार को उत्तरी आयरलैंड पहुंचेंगे। उनकी यह चार दिवसीय यात्रा गुड फ्राइडे समझौते की 25वीं वर्षगांठ के



साथ होगी। व्हाइट हाउस ने पिछले हफ्ते ही इस बात की पुष्टि की थी। डेरी शहर और स्ट्राबेन क्षेत्र के मुख्य अधीक्षक कमांडर निगेल गोडार्ड ने बताया कि जो भी हुआ और जो भी नजारें यहां देखने को मिला वह वाकई में बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा- हमारे अफसरों के ऊपर होने वाला यह एक मूर्खता और लापरवाही वाला हमला था। उन्होंने बताया कि पुलिस को सबूत और फुटेज मिल चुका है, जिसकी आतंकवाद अधिनियम 2000 के तहत संभावित अपराधों की जांच के हिस्से के रूप में समीक्षा की जाएगी बाइडन मंगलवार को बेलफास्ट पहुंचेंगे और अगले तीन दिनों के लिए आयरलैंड जाने से पहले बुधवार को बेलफास्ट विश्वविद्यालय में भाषण देंगे।यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब उत्तरी आयरलैंड में तीन दशकों के सांप्रदायिक रक्तपात को समाप्त करने वाले गुड फ्राइडे समझौते पर हस्ताक्षर के 25 साल पूरे हो गए हैं।व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि यूएस के राष्ट्रपति जो बाइडन काफी समय' के लिए आयरलैंड द्वीप का दौरा करने को लेकर 'बहुत उत्साहित' हैं। उनके उत्तरी आयरलैंड पहुंचने पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने स्थानीय राजनेताओं से मिलने के साथ राष्ट्रपति बिडेन का स्वागत करेंगे।

## अमेरिका में खत्म हुआ कोरोना की वजह से लगा राष्ट्रीय आपातकाल, तीन साल पहले ट्रंप शासन में हुआ था लागू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने देश में लागू कोविड पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी और नेशनल इमरजेंसी को खत्म करने का एलान किया है। बाइडन प्रशासन ने इसी साल जनवरी में एलान किया था कि वह कोरोना महामारी के हालात और मामलों की समीक्षा करने के बाद 11 मई से देश में राष्ट्रीय आपातकाल खत्म कर देगा। हालांकि, इससे एक महीने पहले ही राष्ट्रपति ने इमरजेंसी हटाने का एलान कर दिया। अमेरिका में यह आपातकाल पिछले तीन वर्षों से लागू था। इसे कोरोनावायरस संक्रमण के केस मिलने के बाद जनवरी 2020 में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से लागू किया गया था।

**राष्ट्रपति जो बाइडन ने किए प्रस्ताव पर हस्ताक्षर**

व्हाइट हाउस की प्रेस रिलीज



में कहा गया कि 10 अप्रैल 2023 को राष्ट्रपति बाइडन ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया, जिससे कोरोनावायरस महामारी के मद्देनजर लगाए गए राष्ट्रीय आपातकाल को खत्म किया जा रहा है। जिस प्रस्ताव पर बाइडन ने हस्ताक्षर किया है, उसे हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सांसद पल गोसर की ओर से पेश किया गया था और सदन में इसके पक्ष में 229 वोट पड़े थे, जबकि खिलाफ में 197 वोट होने की वजह से इसे पास कर दिया गया था। सीनेट में भी इस प्रस्ताव को 68-23 के अंतर से पास करा लिया गया था। बाइडन की ओर से नए प्रस्ताव पर हस्ताक्षर के बाद अब जो कानून लागू हुआ है, उसके तहत अमेरिका में राष्ट्रीय आपातकाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य इमरजेंसी भी खत्म हो गई है। हालांकि, इसका अमेरिका की आव्रजन नीति और छात्रों के कर्ज को खत्म करने की योजना पर क्या असर पड़ेगा, इसकी जानकारी अभी साफ नहीं है।

**हर 90 दिन में बढ़ाया जा रहा था राष्ट्रीय आपातकाल**

बता दें कि अमेरिका में कोविड इमरजेंसी लागू होने के बाद हर 90 दिनों पर उसे बढ़ाया जा रहा था। इस तरह जैसे अमेरिका में कोरोना के नए वैरिएंट का असर दिख रहा था, वैसे ही हेल्थ इमरजेंसी को विस्तार दिया जा रहा था। अब जब अमेरिका में कोविड के हालात सामान्य हैं और स्थिति नियंत्रण में है तो अमेरिका सरकार ने इमरजेंसी खत्म करने का फैसला किया है।

सरकार ने जनवरी में इमरजेंसी को तीन महीने बाद खत्म करने के पीछे का तर्क बताते हुए कहा था कि इससे अस्पतालों को समय मिल जाएगा कि वह अपने पेमेंट्स आदि को क्लीयर कर लें। बयान में कहा गया है कि अगर तुरंत इमरजेंसी खत्म कर दी जाती तो इससे कई अस्पतालों को नुकसान उठाना पड़ता। हालांकि, अस्पतालों की सुधरती स्थिति और कोरोना केसों की समीक्षा के बाद बाइडन प्रशासन ने इस आपातकाल को एक महीने पहले अप्रैल में ही खत्म कर लिया।

**कोरोना वैक्सीन को निजी सेक्टर को सौंपने की तैयारी**

व्हाइट हाउस अब अमेरिका में कोरोना वैक्सीन को निजी सेक्टर को सौंपने की तैयारी कर रहा है। अभी तक वैक्सीन का खर्च सरकार द्वारा उठाया जा रहा था लेकिन अब मॉडर्ना और फाइजर जैसी वैक्सीन के लिए लोगों को 130 डॉलर प्रति वैक्सीन की दर से खर्च करने पड़ सकते हैं।

## 'पेंटागन से लीक हुए दस्तावेज राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा', अफसर बोले- यह कैसे हुआ, अभी पता नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के केंद्र पेंटागन से लीक हुए गुप्त दस्तावेजों का मसला अब बाइडन प्रशासन के गले की फांस बनता जा रहा है। सोमवार को पेंटागन के अधिकारियों ने यह माना कि इन डॉक्यूमेंट्स का लीक होना अमेरिकी की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पेंटागन ने कहा था कि यूक्रेन युद्ध से जुड़े उसके कई दस्तावेज लीक हो गए हैं। इसे लेकर विभाग ने जांच भी बिठाई है।

बताया गया है कि इस मामले की जांच अमेरिका के न्याय मंत्रालय की ओर से की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो दस्तावेज लीक हुए हैं, वे सिर्फ रूस और यूक्रेन युद्ध से ही नहीं जुड़े हैं, बल्कि अमेरिका की आंतरिक सुरक्षा और अमेरिका के साथी देशों के बारे में भी अति-संवेदनशील जानकारी वाले हैं। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय में सार्वजनिक मामलों के उपमंत्री क्रिस मीघर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जो भी दस्तावेज ऑनलाइन वायरल हुए हैं, वे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा करते हैं और उनसे गलत सूचना फैलने का खतरा भी पैदा हो गया है।

**'कैसे लीक हुए, किस-किस तक पहुंचे, पता लगाने की कोशिश जारी'**

उन्होंने कहा, 'हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे कि यह लीक कैसे हुआ, साथ ही इससे कितना नुकसान हुआ है। इसके अलावा यह जांच भी की जा रही है कि किस तरह की सूचना लीक हुई है और किस-किस के पास पहुंच चुकी है।' गौरतलब है कि बीते दिनों में ट्विटर, टेलीग्राम और डिस्कॉर्ड जैसी सोशल मीडिया साइट्स पर कुछ दस्तावेजों की फोटोज वायरल हुई हैं, जिन्हें पेंटागन के लीक दस्तावेज बताया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दस्तावेज पिछले एक महीने से वायरल हो रहे हैं, हालांकि मीडिया की नजर में यह पिछले हफ्ते ही आए हैं। मीघर ने इस बात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि जो दस्तावेज मीडिया में वायरल हुए हैं, वे असली हैं या नहीं। हालांकि, उन्होंने यह कहा कि जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, वे कुछ संवेदनशील जानकारी लीक करती दिख रही हैं।

## लीसेस्टर सिटी ने सीजन के अंत तक डीन स्मिथ को अपना प्रबंधक नियुक्त किया

**लंदन।** लीसेस्टर सिटी ने सीजन के अंत तक डीन स्मिथ को अपना प्रबंधक नियुक्त किया है। स्मिथ ब्रेंडन रॉजर्स की जगह लेंगे, जिन्होंने 2 अप्रैल को पद से इस्तीफा दे दिया था। स्मिथ प्रीमियर लीग सीज़न के अपने अंतिम आठ मैचों में 19वें स्थान पर काबिज लीसेस्टर का नेतृत्व करेंगे। लीसेस्टर की टीम दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी का सामना करेगी। स्मिथ ने एक बयान में कहा, सीजन के इन अंतिम सप्ताहों के दौरान टीम का नेतृत्व करने का अवसर पाकर मैं वास्तव में खुश हूं। हमारे सामने चुनौती स्पष्ट है, लेकिन यह मैं और मेरी कोचिंग टीम ने पहले अनुभव किया है और इस टीम में गुणवत्ता काफी है। यह टीम बहुत अधिक प्राप्त करने योग्य है। लीसेस्टर ने 2015-16 में प्रीमियर लीग का खिताब जीता था, लेकिन वर्तमान में 30 मैचों बाद टीम के 25 अंक हैं,टीम सेफ्टी जोन से दो अंक पीछे है।




## धीमी ओवर गति के कारण आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) पर बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित यह टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।' इसके अलाववा लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। आवेश ने आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 के अपराध 2.2 को मानते हुए सजा स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।



## 'हम मैच इन दो खिलाड़ियों की वजह से जीते', कप्तान केएल राहुल ने दिया बयान

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बेहद रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल ने निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस की तारीफों के पुल बांधे। जीत के लिए 213 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ ने खराब शुरूआत के बावजूद पूरन के 19 गेंद में 62 रन और स्टोइनिस के आक्रामक 65 रन की मदद से जीत दर्ज की । राहुल ने कहा ,''अविश्वसनीय। चिन्नास्वामी स्टेडियम जहां खेलकर मैं बड़ा हुआ और यहीं सबसे ज्यादा मैचों के नतीजे आखिरी गेंद पर आते हैं। हमें पता था कि इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा । उन्होंने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हम अगर मैच जीते हैं तो पूरन और स्टोइनिस की वजह से। यही वजह है कि हमने पूरन, स्टोइनिस और आयुष बडोनी जैसे दमदार खिलाड़ियों को टीम में लिया । बडोनी फिनिशर की भूमिका निभाना सीख रहा है।'




# बीसीसीआई ने की घरेलू सत्र 2023-24 के कार्यक्रम की घोषणा, खेले जाएंगे कुल 1846 मैच

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को भारत के घरेलू सत्र 2023-24 के कार्यक्रम की घोषणा की। सीजन में जून 2023 और मार्च 2024 के आखिरी सप्ताह के बीच कुल 1846 मैच खेले जाएंगे।

दलीप ट्रॉफी के साथ घरेलू सत्र की शुरुआत होगी। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 28 जून, 2023 से 16 जुलाई, 2023 तक खेला जाएगा। इसके बाद देवधर ट्रॉफी होगी - जो 24 जुलाई, 2023 से 03 अगस्त, 2023 तक खेली जाएगी। ये दोनों टूर्नामेंट छह जोन - मध्य, दक्षिण, उत्तर, पूर्व, पश्चिम और उत्तर-पूर्व में खेले जाएंगे। ईरानी कप, जो सौराष्ट्र को शेष भारत की ओर ले जाएगा, 01 अक्टूबर, 2023 से शुरू होगा। तीन बहु दिवसीय टूर्नामेंट के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी होगी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत 16 अक्टूबर, 2023 से शुरू होगा और 06 नवंबर, 2023 तक चलेगा। वहीं, विजय हजारे ट्रॉफी 23 नवंबर, 2023 से 15 दिसंबर, 2023 की अवधि में खेला जाएगा। सफेद गेंद के दोनों टूर्नामेंट में 38 टीमें खेलेंगी, जिन्हें सात टीमों के दो समूहों और आठ टीमों के तीन समूहों में विभाजित किया जाएगा। क्रिकेट की दुनिया में प्रमुख घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंटों में से एक - रणजी ट्रॉफी - 05 जनवरी, 2024 से शुरू होगी और 14 मार्च, 2024 तक चलेगी। 38 टीमों को पांच




समूहों में विभाजित किया जाएगा, जहां चार एलीट समूहों में 8 टीमें होंगी। प्रत्येक टीम और प्लेट ग्रुप में 6 टीमें शामिल होंगी। एलीट ग्रुप की टीमें लीग स्टेज के 7 मैच खेलेंगी और हर ग्रुप से दो-दो टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। प्लेट ग्रुप की छह टीमें लीग चरण के पांच-पांच मैच खेलेंगी और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

महिला घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी से होगी, जो 19 अक्टूबर, 2023 से 09 नवंबर, 2023 तक खेली जाएगी।

इसके बाद सीनियर महिला इंटर जोनल ट्रॉफी - 24 नवंबर, 2023 से 04 दिसंबर, 2023 तक खेली जाएगी। 2024 की शुरुआत सीनियर महिला वन-डे ट्रॉफी से होगी, जो 04 जनवरी, 2024 से शुरू होगी और फाइनल उसी का 26 जनवरी, 2024 को खेला जाएगा।

## निकोलस पूरन ने लगाया आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने आईपीएल इतिहास में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया। उन्होंने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान 15 गेंदों में अर्धशतक लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। पूरन ने मैच में 19 गेंदों का सामना किया और 326.32 के स्ट्राइक रेट से चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक केएल राहुल और पैट कमिंस के नाम है, जिन्होंने सिर्फ 14 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। केएल राहुल ने मोहाली में आईपीएल 2018 के मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए 14 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि कमिंस ने पुणे में लीग के 2022



संस्करण में मुंबई इंडियंस के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की। यूसुफ पठान (आईपीएल 2014 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए) और सुनील नरेन (आईपीएल 2017 में आरसीबी के खिलाफ केकेआर के लिए) ने भी 15 गेंदों में अर्धशतक जड़े हैं। यह टी20 क्रिकेट में संयुक्त चौथा सबसे बड़ा अर्धशतक भी है। सबसे छोटे प्रारूप में सबसे तेज अर्धशतक भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम है, जिन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 12 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। इस दौरान युवराज ने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के जड़े थे।

## हर्षल पटेल ने आईपीएल में पूरे किये 100 विकेट

**बेंगलुरु।** भारत और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने अपने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान हासिल की।

मैच में हर्षल ने अपने पहले दो ओवरों में 35 रन लुटाए, लेकिन अपने आखिरी दो ओवरों में उन्होने 13 रन देकर दो विकेट लेकर वापसी की। हालाँकि, बावजूद इसके आरसीबी की टीम यह मैच हार गई।

2012 में अपने आईपीएल की शुरुआत के बाद से, हर्षल ने दिल्ली कैपिटल्स (पहले दिल्ली डेयरडेविल्स के रूप में जाना जाता था) और आरसीबी का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 81 मैचों में 23.23 की औसत और 8.52 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। आईपीएल में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 5/27 है। हर्षल का 2021 का सीजन सबसे सफल सीजन था,



जिसमें उन्होंने 15 मैचों में 14.34 के औसत और 8.14 की इकॉनमी रेट से 32 विकेट लिए। उस सीज़न में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े 5/27 थे। उन्हें 'पर्पल कैप' से नवाजा गया था।

विशेष रूप से, आईपीएल इतिहास में शीर्ष पांच विकेट लेने वाले गेंदबाजों में ड्वेन ब्रावो (183 विकेट), युजवेंद्र चहल (174 विकेट), लसिथ मलिंगा (170 विकेट), अमित मिश्रा (169 विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (161 विकेट) हैं।

## केरल के केंद्रीय विश्वविद्यालय ने पी.टी. उषा को डॉक्टरेट की पहली मानद उपाधि से किया सम्मानित

**पेरिया।** प्रसिद्ध एथलीट, ओलंपियन और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा को केरल के केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। समारोह साबरमती हॉल, पेरिया परिसर में हुआ, जहां कुलपति प्रो. एच. वेंकटेश्वरलू ने उन्हें डिग्री प्रदान की, जिससे वह इस प्रतिष्ठित उपाधि की विश्वविद्यालय की पहली प्राप्तकर्ता बन गई।

अपने भावनात्मक भाषण में, उषा ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक में एक सेकंड के सौवें हिस्से से ओलंपिक पदक से चूकने के अनुभव को साझा किया। उन्होने कहा, मैं देश को ओलंपिक पदक दिलाने के लिए एथलीटों को तैयार



कर रही हूं, जो लाखों लोगों की प्रार्थना रही है। एक बार जब आप लक्ष्य की दिशा में काम करते हैं तो यह एक वास्तविकता बन जाता है। अपने भाषण में, पीटी उषा ने खेल प्रतिभाओं की पहचान और पोषण में उषा स्कूल की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में भी बताया। कुलपति प्रो. एच. वेंकटेश्वरलु ने उषा को राष्ट्र का गौरव और युवाओं के लिए आदर्श बताते हुए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह विश्वविद्यालय का कर्तव्य है कि ऐसे विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित और मान्यता दी जाए जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रेरणा और योगदान दिया है।

कुलसचिव डॉ. एम. मुरलीधरन नांबियार ने स्वागत भाषण दिया और परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी) प्रो. एम.एन. मुस्तफा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में डीन, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## फाफ डु प्लेसिस ने ठोका सीजन का सबसे लंबा छक्का, गेंद गई स्टेडियम से बाहर




**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पिछले मैच में मिली हार को भुलाते हुए बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार शुरूआत की। टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस इस दौरान अलग ही रंग में नजर आए। डु प्लेसिस ने 46 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्कों की मदद से 79 रन बनाए जिसमें 115 मीटर का छक्का भी शामिल था। यह छक्का 15वें ओवर में देखने को मिला जब लखनऊ के स्पिनर रवि बिश्नोई गेंद फेंक रहे थे। बिश्नोई की गेंद को डुप्लेसिस ने लॉग ऑन की क्षेत्र पर मारा जिससे गेंद स्टेडियम पार कर गई।

## आखिरी गेंद पर जीत के बाद गौतम गंभीर ने RCB के फैंस को किया 'खामोश', वायरल हुआ लखनऊ के मेंटर का अंदाज

**बैंगलोर।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल के 15वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल की। उसने आरसीबी को उसके होमग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आखिरी गेंद पर एक विकेट से हरा दिया। इस जीत के बाद टीम के मेंटर गौतम गंभीर का चिर-परिचित अंदाज सामने आया। गंभीर ने इशारों-इशारों में आरसीबी के फैंस को खामोश रहने के लिए कहा।

मैच में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 212 रन बनाए थे। लखनऊ को आखिरी ओवर में जीत के लिए पांच रन बनाने थे। टीम के सात विकेट गिर चुके थे। गेंदबाजी के लिए आरसीबी के हर्षल पटेल आए तो सामने




जयदेव उनादकट और मार्क वुड थे। ऐसा लग रहा था कि तीन विकेट हाथ में रहने के कारण लखनऊ की टीम आसानी से मैच जीत जाएगी।

**आखिरी ओवर का रोमांच**

हर्षल की पहली गेंद पर उनादकट ने एक रन लिया। दूसरी गेंद पर मार्क वुड क्लीन बोल्ड हो गए। तीसरी गेंद पर रवि बिश्नोई ने दो रन ले लिए। चौथी गेंद पर उन्होंने एक रन लेकर मैच को टाई कर दिया। लखनऊ को दो गेंद पर एक रन चाहिए थे और उसके पास दो विकेट थे। हर्षल ने पांचवीं गेंद पर जयदेव उनादकट को कप्तान फाफ डुप्लेसिस के हाथों कैच करा दिया। अब एक गेंद पर एक रन की आवश्यकता थी। अगर रन नहीं बनते या विकेट गिर जाते तो मुकाबला टाई हो जाता है। ऐसे में सुपर ओवर से मैच का फैसला होता। हर्षल की गेंद को आवेश खान नहीं खेल पाए, लेकिन उन्होंने किसी तरह एक रन पूरा कर कर लिया। लखनऊ को बाई के रूप में एक रन मिला और उसने मैच को एक विकेट से अपने नाम कर लिया।

**कोहली से मिलने के बाद गौतम गंभीर ने किया इशारा**

लखनऊ की टीम के जीतने पर उसके सभी खिलाड़ी डगआउट से मैदान की ओर दौड़ पड़े। आवेश खान और रवि बिश्नोई ने जमकर जश्न मनाया। इसके बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी और स्टाफ एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे तो गंभीर के सामने कोहली पड़े। उन्होंने विराट को कुछ कहा और फिर आरसीबी के फैंस की ओर देखने लगे। उन्होंने अपने मुंह पर एक अंगुली रखकर आरसीबी के फैंस को खामोश रहने का इशारा किया। गंभीर का यह अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**शीर्ष पर पहुंची लखनऊ की टीम-** इस जीत के साथ ही लखनऊ के पास चार मुकाबलों में छह अंक हो गए हैं और यह टीम अंक तालिका में शीर्ष पर आ गई। मैच में आरसीबी के लिए विराट कोहली ने 44 गेंद में 61, ग्लेन मैक्सवेल ने 29 गेंद में 59 और कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 46 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए मार्कस स्टोइनिस ने 30 गेंद में 65 और निकोलस पूरन ने 19 गेंद में 62 रन की पारी खेली।

## 16 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने जीता खिताब, पूर्व रैपिड चैंपियन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन उज्बेकिस्तान के नोरिदबेक अब्दुसातरोव को फाइनल में हराकर विश्व शतरंज आर्मागेडन एशिया एवं ओसनिया स्पर्धा जीत ली।

पहले गेम में मौका गंवाने के बाद गुकेश अगला गेम हार बैठे लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अतिरिक्त अवसर का उपयोग किया और मैच में फिर से शुरुआत की।

गुकेश के लगातार हावी रहने के बाद 'नए' मैच का पहला गेम ड्रॉ रहा। उन्होंने चैंपियन बनने के लिए अगला गेम जीता।

गुकेश और अब्दुसातरोव दोनों ने सितंबर में आर्मागेडन के ग्रैंड फिनाले में जगह बनाई है। सोलह वर्षीय गुकेश ने एक ऐसी प्रतियोगिता में जीत हासिल की जिसमें पूर्व विश्व क्लासिकल



चैंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक, डेनियल दुबोव, यंगी यू (चीन), विदित गुजराती व कार्तिकेयन मुरली (दोनों भारत) और परम मघसूदलू (ईरान) शामिल थे। जीत के बाद गुकेश ने ट्वीट किया, रोमांचक स्पर्धा आर्मगेडन चैंपियनशिप सीरीज़ 2023- एशिया और ओशिनिया ग्रुप को जीतकर खुशी हुई। स्पर्धा को खेलने के तरीके से भरपूर नए अनुभवों का आनंद लिया।


# टेनिस चैंपियनशिप : उप्र की सासा कटियार ने पं. बंगाल की आर्नवी को दी मात, बिहार के अमन ने उप्र के अनय को हराया

**- एल्डेको कप आरएस सागर मेमोरियल टेनिस चैंपियनशिप की शुरूआत, कई राज्यों के जुटे हैं टेनिस खिलाड़ी**

**लखनऊ।** एल्डेको कप आरएस सागर मेमोरियल टेनिस चैंपियनशिप की शुरूआत हो गयी। इसमें लड़कों और लड़कियों का अंडर-18 और अंडर-14 की प्रतियोगिताएं होनी है। इस प्रतियोगिता में असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

पहले दिन सिंगल पहले राउंड अंडर-18 महिला प्रतियोगिता में यूपी की सासा कटियार ने प. बंगाल की आर्नवी को सीधे सेटों में मात दे दी। वहीं बिहार के अमन सिंह ने कड़े मुकाबले में उप्र के अनय श्रीवास्तव को हराया।

पहले दिन ब्वायज अंडर-14 सिंगल पहला राउंड में 13 मुकाबले हुए। वहीं लड़कियों के अंडर-14 में पहले राउंड का पांच मुकाबले हुए। लड़कियों में अंडर-18 के सिंगल पहले राउंड में कुल चार मुकाबले हुए, जबकि लड़कों के अंडर-18 में नौ मुकाबले हुए। लड़कों के अंडर-



18 मुकाबलों में उप्र के प्रथम वरियता प्राप्त ओम यादव को उप्र के ही फैज अली ने 6-0, 6-0 से हरा दिया।

वहीं बिहार के अभिषेक ने उप्र के अनिस जैन को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से मात दे दी, जबकि उप्र के तृतीय वरियता प्राप्त उप्र के प्रणव मिश्रा ने बिहार के अमन को 6-0, 6-2 से हराया। वहीं उप्र के रोहन राज ने महाराष्ट्र के कृष गौरव मर्चेंट को 3-6, 6-1, 6-4 से हरा दिया।

वहीं उप्र के दिव्यांश सिंह ने पश्चिम बंगाल के बिप्रार्शी विश्वास को 6-3, 6-2 से मात दे दी। महिला अंडर-18 में उप्र की सासा कटियार ने प. बंगाल की आर्णवी को 6-1, 6-1 से हरा दिया। वहीं कर्नाटक की अन्वेशा धर ने उप्र की अनन्या सिंह को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से मात दे दी।



G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव | PM GatiShakti National Master Plan for Multi-Modal Connectivity | Indian Railways

# राजस्थान में रेल सम्पर्क के नये युग की शुरूआत
# वंदे भारत की सौगात

## अजमेर - दिल्ली कैन्ट वंदे भारत एक्सप्रेस
(जयपुर से उद्घाटन)

## नरेन्द्र मोदी
**प्रधानमंत्री**

**द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

12 अप्रैल, 2023 | प्रातः 10:30 बजे | जयपुर रेलवे स्टेशन




### वंदे भारत एक्सप्रेस की प्रमुख विशेषताएं

- हाई राइज ओएचई पर चलने वाली देश की पहली वंदे भारत
- अब 5 घंटे 15 मिनट में अजमेर से दिल्ली कैन्ट, 1 घंटे की बचत
- दिल्ली से तीर्थ नगरी पुष्कर की बेहतर कनेक्टिविटी
- राजस्थान में धार्मिक पर्यटन और उच्च शिक्षा को बढ़ावा
- 360 डिग्री घूमने वाली सीट और अत्याधुनिक एयरकंडीशनिंग सिस्टम
- टच-फ्री सुविधाओं के साथ बायो वैक्यूम शौचालय
- औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ़ व ब्यावर तथा स्मार्ट सिटी अजमेर में आर्थिक विकास को बढ़ावा
- कवच (टक्कर-रोधी प्रणाली) एवं अत्याधुनिक आग नियंत्रण प्रणाली से युक्त
- दिव्यांगजनों के अनुकूल वॉशरूम, सीट हैंडल और ब्रेल लिपि में सीट नंबर

### गरिमामयी उपस्थिति

**कलराज मिश्र**
राज्यपाल, राजस्थान

**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

| 20977 अजमेर – दिल्ली कैन्ट वंदे भारत एक्सप्रेस ↓ | | स्टेशन | 20978 दिल्ली कैन्ट – अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:20 | अजमेर | 23:55 | -- |
| 11:35 | -- | दिल्ली कैन्ट | -- | 18:40 |

ठहराव: जयपुर, अलवर एवं गुड़गांव स्टेशन, चलने के दिन: (सप्ताह में 6 दिन) बुधवार को छोड़कर






# भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें | www.indianrailways.gov.in | Follow us on /Railminindia